शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 114 | गुवाहाटी | शनिवार, 23 नवंबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति व परंपराएं होंगी सुदृढ़ : राष्ट्रपति पेज 2
मुख्यमंत्री झारखंड में भाषण देने नहीं काला धन बांटने गए थे : कांग्रेस पेज 3
हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री पेज 5
भारतीय तेज गेंदबाजों ने दिलाई भारत को बेहतरीन वापसी, ऑस्ट्रेलिया ने ... पेज 7

### एनडीए या इंडिया...

## महाराष्ट्र और झारखंड में किसकी सरकार, आज आएंगे नतीजे




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड के लिए कल का दिन बेहद अहम होने वाला है। दोनों की राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। इसके अलावा वायनाड सहित अलग-अलग राज्यों में हुए उपचुनाव के भी नतीजे सामने आएंगे। हालांकि, सभी की निगाहें बीजेपी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया ब्लॉक के बीच लड़ाई पर टिकी हैं। जहां एनडीए महाराष्ट्र को बरकरार रखने और झारखंड में सत्ता हासिल करने की कोशिश करेगा, वहीं इंडिया गुट का लक्ष्य महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन को हराकर उलटफेर करना होगा, जबकि झारखंड में हेमंत सोरेन की जीत सुनिश्चित करना होगा। महाराष्ट्र में पिछले तीन दशकों में सबसे अधिक मतदान हुआ था, जिसे सत्तारूढ़ दल और विपक्षी महा विकास अघाड़ी दोनों ने अपनी जीत के रूप में देखा था। ज्यादातर एग्जिट पोल के मुताबिक करीबी मुकाबले के बावजूद महायुति गठबंधन आगे चल रहा है। वहीं, झारखंड में, जहां झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन एनडीए गुट से जूझ रहा है, मतदान 68.45 प्रतिशत था। हालाँकि, एग्जिट पोल में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा हेमंत सोरेन को बाहर करने के साथ सत्ता में बदलाव की भविष्यवाणी की गई है।

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती शनिवार सुबह आठ बजे से शुरू होगी। 20 नवंबर को हुए -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस में जोड़-तोड़ का डर, एक जगह भेजे जाएंगे सभी विधायक

**नई दिल्ली।** 23 नवंबर यानी शनिवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। दोपहर तक तस्वीर साफ हो जाएगी कि दोनों राज्यों में किसकी सरकार बनने जा रही है। चुनाव नतीजों से पहले ही कांग्रेस अलर्ट हो गई है। पार्टी ने दोनों ही राज्यों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और डॉ. जी. परमेश्वर को महाराष्ट्र का पर्यवेक्षक बनाया गया है। तारिक अनवर, मल्लू भट्टी विक्रमार्क और कृष्णा अल्लावुरु को झारखंड के पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी मिली है। एक्जिट पोल ने विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (मविआ) की चिंता बढ़ा दी है। आज आघाड़ी के तीनों -शेष पृष्ठ दो पर

## नेताओं के घरों में लूटपाट करने वाले संदिग्धों की पहचान हो गई, सीएम सिंह ने दिया कार्रवाई का आश्वासन



**इंफाल।** मणिपुर में पिछले एक साल से हिंसा जारी है। पिछले हफ्ते जिरीबाम में छह लोगों का शव मिलने के बाद फिर एकबार हिंसा भड़क गई। इस दौरान भीड़ ने मंत्रियों और विधायकों के घरों को निशाना बनाया और महत्वपूर्ण सामानों को लूट लिया। उनकी संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया। मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों में लूटपाट की घटना पर मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को प्रदर्शन के दौरान मंत्रियों-विधायकों के घरों में लूटपाट करने -शेष पृष्ठ दो पर

### मारे गए नौ मैतेई लोगों के शव एसएमसीएच लाया गया

**गुवाहाटी।** हाल ही में मणिपुर के जिरीबाम जिले में तीन अलग-अलग घटनाओं में मारे गए तीन महिलाओं और तीन बच्चों सहित नौ मैतेई लोगों का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया गया, जिनके शव असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएमसीएच) से लाए गए थे। पुलिस की सुरक्षा में दो ट्रकों से शवों को जिरिबाम ले जाया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मृतकों के परिवार के सदस्य और गांव के प्रतिनिधि शव लेने गए थे। बाद में शोकाकुल परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। -शेष पृष्ठ दो पर

### त्रिपुरा से 12 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला (हि.स.)।** त्रिपुरा में रेलवे पुलिस (जीआरपी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने 12 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। गुप्त सूचना के आधार पर खोवाई जिले के तेलियामुरा रेलवे स्टेशन से इन्हें गिरफ्तार किया गया। ये सभी अवैध रूप से बांग्लादेश से त्रिपुरा में आकर ट्रेन के जरिए दूसरे राज्यों में जा रहे थे। जीआरपी के सूत्रों ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए 12 बांग्लादेशी नागरिकों में चार पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। उन्होंने खुलासा किया कि ये सभी एक बांग्लादेशी दलाल की मदद से गोमती जिले के सिलाचारी इलाके से त्रिपुरा में दाखिल हुए थे। दलाल ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने में मदद की थी। -शेष पृष्ठ दो पर

## होजाई : डॉक्टर पर हमला मामले में 12 दोषियों को 10 साल की सजा



**होजाई (हि.स.)।** होजाई जिले के उदाली में वर्ष 2021 में डॉक्टर पर किए गए हमला के मामले में अदालत ने 12 आरोपितों को दोषी करार देते हुए उन्हें 10-10 साल तक के कारावास की सजा सुनाई है। 2021 में होजाई जिले में किए गए डॉक्टर पर हमला मामले में 36 आरोपितों के खिलाफ होजाई के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 56 पन्नों का आरोप पत्र दायर किया गया था। उल्लेखनीय है कि जिले के लंका थाना अंतर्गत उदाली कोविड केयर सेंटर में कोविड-19 पॉजिटिव मरीज की मौत के बाद उग्र भीड़ ने डॉ. सेज सेनापति और कुछ अन्य मेडिकल स्टाफ पर हमला किया था। इस हमले में डॉ. सेनापति को बुरी तरह पीटा गया। उन्हें इलाज के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घटना के 29 दिनों के भीतर आरोप-पत्र दाखिल कर दिया था। -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet
ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## अडानी ग्रुप के शेयरों में बंपर रिकवरी शेयरों में पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी जांच एजेंसी द्वारा अडानी ग्रुप पर आरोप लगाए जाने से भारतीय शेयर बाजार में हलचल मच गई। इस घटनाक्रम के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में बड़ी बिकवाली देखी गई, जिसके परिणामस्वरूप सेंसेक्स और निफ्टी में भी गिरावट आई। अडानी ग्रुप के शेयरों में 20 प्रतिशत तक की कमी आई, जिससे निवेशकों को भारी नुकसान हुआ और उनका कुल संपत्ति मूल्य करीब 5.35 लाख करोड़ रुपए घट गया। हालांकि, शुक्रवार को स्थिति कुछ बेहतर हुई। शुरुआती कारोबार में गिरावट के बाद अडानी ग्रुप के सभी प्रमुख शेयरों में खरीदारी शुरू हो गई और तेजी देखने को मिली। खासकर अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पहले 10 प्रतिशत तक गिर गए थे। अडानी पोर्ट्स और अडानी एंटरप्राइजेज में भी अच्छी खासी तेजी देखी गई। अमेरिकी जांच एजेंसी के आरोप अमेरिकी एजेंसी ने अडानी ग्रुप पर 2020 से 2024 के बीच रिश्वतखोरी का आरोप -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएम ने विस परिसर की नई सुविधाओं का उद्घाटन किया



**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आज असम विधानसभा परिसर में कई नव विकसित सुविधाओं का अनावरण किया, जिनमें एक कमांड और नियंत्रण केंद्र, कैफेटेरिया, डिजिटल कॉरिडोर, स्मार्ट पोल और प्राचीन असम का प्रतिनिधित्व करने वाला एक बलुआ पत्थर का स्तंभ शामिल है। असम विधान सभा परिसर में अपने संबोधन में शर्मा ने असम विधान सभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी, उपाध्यक्ष डॉ नुमाल मोमिन और विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने विधानसभा के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शर्मा ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान में असम के आदिवासी समुदायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि उनकी जीवंत कला, सांस्कृतिक प्रथाएं और परंपराएं असम की विरासत के आवश्यक घटक हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का शानदार इतिहास ऐसी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से जीवंत होता है, जिसमें कचारी साम्राज्य के ऐतिहासिक अवशेष शामिल हैं, जो पूर्वोत्तर भारत के इतिहास में एक स्थायी स्थान रखते हैं। विधानसभा परिसर में कछारी साम्राज्य के अखंड स्तंभ की प्रतिकृति का अनावरण करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह स्थापना आदिवासी कला, संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने दोहराया कि -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*जहां लक्ष्मी (धन) का निवास होता है, वहां सहज ही सुख-संपदा आ जुड़ती है।*

**- आचार्य चाणक्य**

### नागाराम के जंगल में हुई मुठभेड़ दस नक्सली ढेर



**सुकमा (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत दंतेसपुरम, कोराजुगुड़ा, नागाराम के जंगल में डीआरजी और सीआरपीएफ के साथ आज शुक्रवार की सुबह कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में जवानों ने 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मौके से अब तक 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं, वहीं 3 ऑटोमैटिक हथियार एके 47, इंसास, एसएलआर एवं अन्य हथियार गोला बारूद भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से बरामद स्वचालित हथियारों को देखकर यह संभावना जताई जा रही है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े नेता भी मारे गए हैं। विदित हो कि 1 जनवरी से 22 नवंबर तक 207 नक्सली मारे -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस हमारी सरकार का हिस्सा नहीं : उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमारी सरकार का हिस्सा नहीं है, वे हमें बाहर से समर्थन दे रहे हैं। सीएम उमर उमर ने महाराष्ट्र में चुनाव और जम्मू क्षेत्र में नागरिकों पर कथित अत्याचार के बारे में भी बात की। उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। शुक्रवार को कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में विधानसभा प्रस्ताव पर कांग्रेस के रूख, कैदियों, किश्तवाड़ में स्थानीय लोगों पर सेना के अत्याचार पर बात की। बता दें कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। चुनाव में -शेष पृष्ठ दो पर

## शीतकालीन सत्र : सदन में जबरदस्त मुकाबले की उम्मीद

*सत्ता पक्ष के पास वक्फ बिल तो विपक्ष के पास मणिपुर का मुद्दा*



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र दो विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद आहूत हो रहा है। शीतकालीन सत्र में विपक्ष सरकार को मणिपुर में लगातार खराब हो रहे हालात पर घेरने की तैयारी कर रहा है, जबकि सत्ता पक्ष ने वक्फ संशोधन विधेयक के मसौदे पर होमवर्क पूरा कर लिया है। दोनों ही मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा होने की उम्मीद है। इसके अलावा एक बड़ा मुद्दा ओद्योगिक क्षेत्र से जुड़ा है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के सचिवालय के सूत्र बताते हैं कि उद्योगपति गौतम आदाणी के मामले को भी संसद में मुद्दा बनाने की तैयारी है। कानून मंत्रालय ने वक्फ संशोधन विधेयक के मसौदे को लेकर तमाम विशेषज्ञों से सुझाव मंगाए थे। मंत्रालय की एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने बहुत पहले ही अपनी सलाह मंत्रालय को भेज दिया है। इसमें -शेष पृष्ठ दो पर

## पर्यटन मंत्रालय 26 से 29 तक काजीरंगा में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का आयोजन करेगा



**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम) का 12वां संस्करण 26 से 29 नवंबर तक असम के काजीरंगा में आयोजित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक वार्षिक कार्यक्रम है, जिसे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों दर्शकों के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को उजागर करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है, जो आठ पूर्वोत्तर राज्यों- असम, अरुणाचल प्रदेश, -शेष पृष्ठ दो पर

*रूस के मिसाइल अटैक के बाद यूक्रेन के पूर्व सेना प्रमुख का बड़ा बयान, कहा-*

## शुरू हो चुका है तीसरा विश्व युद्ध



**नई दिल्ली।** यूक्रेन के पूर्व सैन्य कमांडर-इन-चीफ वालेरी जालुजनी ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि युद्ध में रूसी सहयोगियों का शामिल होना भी इसी बात का संकेत देता है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जालुजनी ने एक कार्यक्रम में कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि 2024 में हम मान सकते हैं कि तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है। उन्होंने रूस के सहयोगियों के युद्ध में शामिल होने को इसका बड़ा कारण बताया। जालुजनी वर्तमान में यूनाइटेड किंगडम में यूक्रेन के दूत के रूप में सेवारत हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया के सैनिक यूक्रेन के सामने खड़े हैं। ईमानदारी से कहें तो। यूक्रेन में पहले से ही ईरानी शाहिदी बिना किसी शर्म के, बिल्कुल खुलेआम नागरिकों की हत्या कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उत्तर कोरियाई सैनिक और चीनी हथियार अब युद्ध में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। जालुजनी ने यूक्रेन के सहयोगियों से निर्णायक कार्रवाई करने और संघर्ष को देश की सीमाओं से आगे फैलने से -शेष पृष्ठ दो पर

## महाराष्ट्र में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी



**मुंबई (हि.स.)।** महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के चुनाव और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतगणना की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतों की गिनती शनिवार को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक सूबे के 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 288 मतगणना केंद्र और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए 01 मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए 288 मतगणना निरीक्षक और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए दो मतगणना निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान हुआ था। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति व परंपराएं होंगी सुदृढ़ : राष्ट्रपति

**हैदराबाद ( हि.स. )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति एवं परंपराएं सुदृढ़ होंगी। इसकी दिशा में यह एक बेहतरीन कार्यक्रम है। भारत की सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध रही है। देश की संस्कृति और परंपराओं में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं। हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं सांस्कृतिक महोत्सव *लोकमंथन-2024* के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए गर्व महसूस हो रहा है। मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2018 में रांची में आयोजित लोकमंथन में वे शामिल हुई थीं और आज एक बार फिर लोकमंथन में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यही हमारी ताकत है, यही हमारी स्थिरता है। एक ही स्थान पर इतनी सारी विभिन्न संस्कृतियों का होना वास्तव में बहुत सुंदर है। हमारा देश इन सभी चीजों से एक खूबसूरत इंद्रधनुष की तरह है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम सभी भारतीय हैं, चाहे हम ग्रामीण हों या शहरवासी। राष्ट्रपति मुर्मु ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोकमंथन में अहिल्याबाई होल्कर, रानी रुद्रमादेवी और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़ी प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का विदेशों में पालन किया जा रहा है। वह इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की हृदय से सराहना करती हैं जो इस मंच के माध्यम से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक अवधारणाओं, कला, संगीत, शिक्षा और चिकित्सा पद्धतियों ने दुनिया भर में सम्मान अर्जित किया है। कहते हैं हमने दुनिया को ज्ञान दिया है। वर्तमान समय में भारत के ज्ञान को पुनः पूरे विश्व में फैलाने की आवश्यकता है। विदेशी शक्तियों ने सदियों तक हम पर अत्याचार किया है। हमारी संस्कृति, भाषा, परंपराओं और रीति-रिवाजों को नष्ट कर दिया। हमारी एकता को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। ऐसा कहा जाता है कि हमारे अंदर गुलामी की जड़ें पैदा कर दी गई हैं लेकिन हमारे देशवासियों ने संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखा है। इन्हें जारी रखने की जरूरत है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत गुलामी की जड़ों को हटाने का प्रयास कर रहा है। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ हो गया है। दरबार हॉल का नाम बदलकर गणतंत्र मंडप कर दिया गया है। यह गुलामी के विचारों को दूर करने की दिशा में एक प्रयास है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी सोच भी बदलनी चाहिए, तभी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। एकता और सद्भावना ही हमारी सभ्यता है, हमारा भविष्य है। आइये हम सब मिलकर इस दिशा में काम करें। इस उद्घाटन कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति मुर्मू सीधे बेगमपेट हवाई अड्डे पर पहुंची और दिल्ली के लिए विशेष वमान से रवाना हो गईं।

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
ORTHOPAEDIC SURGEON
DR. KUNAL PATEL MBBS, MS (Ortho)
Will be available only for consultation at Guwahati
ON 29th November'2024
Patients suffering from Hip, Knee, Spine joint Problems and need Hip, Knee replacement surgery can register their names in advance at:
APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane -10
Ph :8404037649, 03613102669, 0361-3102166

APOLLO HOSPITALS CHENNAI
Apollo HOSPITALS
UROLOGIST
Dr.N. Raghavan MS(Gen Surg), FRCSEd, (Surg in General), MD (Uro-Oncology) FRCS (Uro)Intl FRCS(Glasgow)
Will be available only for consultation at Guwahati
ON 26th November, 2024
Patients suffering from leakage of urine while coughing & sneezing, diffi-culty in urination, blood in urine, increased / decreased urine output, kidney / urinary stones, stones in urinary tract, bladder problems, prostate cancer, prostate enlargement, penile cancer, testicular cancer,cancer in kidney and sexual problems etc may register their names in advance at:
APOLLO HOSPITALS INFORMATION CENTER
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop, Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

# मणिपुर में सुरक्षा बलों की 90 अतिरिक्त कंपनियां तैनात : कुलदीप सिंह

**इंफाल ( हि.स. )।** सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा है कि मणिपुर में सुरक्षा बलों की 90 अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं। इन अतिरिक्त कंपनियों में से अधिकांश इंफाल पहुंच चुकी है। इन्हें नागरिकों, संवेदनशील क्षेत्रों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए तैनात किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य में पहले से ही सुरक्षा बलों की 198 कंपनियां तैनात हैं। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को इंफाल में एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि यह निर्णय आज आयोजित एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। बैठक में सेना, असम राइफल्स, बीएसएफ, सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में इंफाल समेत राज्य के सभी जिलों में सुरक्षा स्थिति का आकलन किया गया। असुरक्षित क्षेत्रों की पहचान की गई और उन्हें सुरक्षित करने के लिए एक मजबूत रणनीति तैयार की गई। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त कंपनियों के आने के साथ, राज्य भर में संवेदनशील क्षेत्रों और बिंदुओं को कवर करने के लिए सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। प्रत्येक जिले में सुव्यवस्थित संचार और घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए जिला समन्वय प्रकोष्ठ और संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया। राजमार्ग सुरक्षा, सीमांत क्षेत्र सुरक्षा और सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए मौजूदा व्यवस्था और मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई और उन्हें उन्नत किए जाने का निर्णय लिया गया। अधिकारी कानून व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने और गड़बड़ी की आशंका वाले सीमांत क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों की निगरानी कर रहे हैं। सभी बलों के समन्वित प्रयासों से जिरीबाम में नौ लोगों का शांतिपूर्ण अंतिम संस्कार किया गया। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा कि हम सभी इस मुद्दे से निपटने में एक साथ हैं।

# कुत्ते को जान से मारने के आरोप में एक गिरफ्तार

**नगांव ( हिंस )।** नगांव जिले के सामगुरी इलाके में एक कुत्ते को बड़ी बेरहमी से मौत के घाट उतारे जाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि दिव्यज्योति सैकिया उर्फ दुलाल सैकिया पर एक कुत्ते की हत्या करने का आरोप है। दिव्यज्योति के बॉयलर मुर्गी के फॉर्म में कुत्ता द्वारा मुर्गी खा जाने के बाद दिव्यज्योति ने कुत्ते को पीट-पीट कर मार डाला। दो दिनों पहले मृतक कुत्ते ने पांच बच्चों को जन्म दिया था। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**तामुलपुर, ( हिंस )।** तामुलपुर में बरखोपा आर्मी कैंटोनमेंट के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल है, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मृतक की पहचान तामुलपुर के गेरुवा निवासी इस्माइल अली (28) के रूप में हुई है। घर जाते समय उसकी बाइक तेज रफ्तार डंपर से टकरा गई। दुर्घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया। पुलिस डंपर चालक की तलाश कर रही है।

**অসম চৰকাৰ**
জনজাতি পৰিক্ৰমা (ভৈয়াম) সঞ্চালকালয়,
অসম, ৰুক্মিণী নগৰ, গুৱাহাটী-৬
ECF:- 531694/23
**জাননী**

ইয়াৰ দ্বাৰা সংশ্লিষ্ট সকলো পক্ষকে অৱগত কৰা হয় যে অসমৰ চৰকাৰী/স্বীকৃতিপ্ৰাপ্ত/সাহায্যপ্ৰাপ্ত/প্ৰদেশীকৃত/মজলীয়া আৰু নিম্ন প্ৰাথমিক বিদ্যালয় সমূহত প্ৰথম শ্ৰেণীৰ পৰা অষ্টম (Class I-VIII) শ্ৰেণীলৈ শিক্ষা গ্ৰহণ কৰি থকা অনুসূচিত জনজাতি (ST) ছাত্ৰ-ছাত্ৰীৰ পৰা ইং ২০২৪-২৫ বৰ্ষৰ প্ৰাক-প্ৰবেশিকা (Pre-Matric Scholarship) বৃত্তিৰ বাবে আবেদন পত্ৰৰ আহ্বান কৰা হৈছে।

ছাত্ৰ-ছাত্ৰীসকলে (Website) www.directorwptbc.asssam.gov.in ৰ জৰিয়তে আবেদন পত্ৰ সংগ্ৰহ কৰিব লাগিব আৰু সম্পূৰ্ণ কৰা আবেদন পত্ৰ নিজ নিজ শিক্ষানুষ্ঠানত **১৫/১২/২০২৪** ইং তাৰিখৰ ভিতৰত জমা কৰিব লাগিব ।

শিক্ষানুষ্ঠানৰ মুৰব্বী সকলৰ জ্ঞাতাৰ্থে জনোৱা হয় যে ছাত্ৰ-ছাত্ৰীয়ে জমা কৰা প্ৰ-পত্ৰ সমূহ পুনৰীক্ষণ কৰি প্ৰ-পত্ৰ সমূহ **৩১/১২/২০২৪** ইং তাৰিখৰ ভিতৰত নিজ নিজ এলেকাৰ মহকুমা কল্যাণ বিষয়াৰ (SDWO) কাৰ্যালয় আৰু পাৰ্বত্য জিলাৰ ক্ষেত্ৰত জিলা আয়ুক্তৰ (DC) কাৰ্যালয়ত দাখিল কৰিবলৈ অনুৰোধ জনাৰো হ'ল।

**সঞ্চালক**
জনজাতি পৰিক্ৰমা (ভৈয়াম) সঞ্চালকালয়
অসম,ৰুক্মিণী নগৰ, গুৱাহাটী-৬

*-- Janasanyog /D/9089/24/23-Nov-24*

# पृष्ठ एक का शेष

## महाराष्ट्र और झारखंड ...

मतदान में अंतिम मतदान 66.05 प्रतिशत रहा जबकि 2019 में यह आंकड़ा 61.1 प्रतिशत था। शनिवार को मतों की गिनती के लिए कुल 288 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव के लिए भी एक केंद्र शामिल है। राज्य में 2019 के विधानसभा चुनावों की तुलना में इस बार उम्मीदवारों की संख्या में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस साल 4,136 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा, जबकि 2019 के चुनावों में 3,239 उम्मीदवार मैदान में थे। इन उम्मीदवारों में 2,086 निर्दलीय हैं। 150 से ज्यादा सीटों पर बागी उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें महायुति और एमवीए के उम्मीदवार अपनी पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे।

**झारखंड :** डाक मतपत्रों की गिनती सुबह आठ बजे शुरू होगी और रुझान सुबह नौ से सवा नौ बजे तक आने शुरू हो जाएंगे। प्रदेश में चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को हुए। कुल 81 सीटों में से 43 निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान हुआ, जबकि दूसरे चरण में 38 सीटों पर मतदान हुआ। राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा नीत *इंडिया* और भाजपा नीत राजग के बीच कड़ा चुनावी मुकाबला देखने को मिला। सभी की निगाहें उन प्रमुख सीटों पर होंगी जो प्रमुख राजनेताओं के चुनावी भाग्य का फैसला करेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बरहेट से, उनकी पत्नी कल्पना ने गांडेय से, जबकि विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी (भाजपा) ने चंदनकियारी से चुनाव लड़ा है। कुल 1,211 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें धनवार में भाजपा के बाबूलाल मरांडी और नाला में झामुमो के रवींद्र नाथ महतो शामिल थे।

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीचशनिवार को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। उपचुनाव के नतीजों का 403 सदस्यीय उत्तर प्रदेश विधानसभा में सरकार पर सीधा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन इसे हालिया लोकसभा चुनावों के बाद प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बीच पहली बड़ी टयूपी र के रूप में देखा जा रहा है। राज्य की मीरापुर (मुजफ्फरनगर), कुन्दरकी (मुरादाबाद), गाजियाबाद, खैर (अलीगढ़), करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर नगर), फूलपुर (प्रयागराज), कटेहरी (अंबेडकरनगर) एवं मझवां (मिर्जापुर) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान संपन्न हुआ। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इन सभी नौ सीटों पर शनिवार सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना शुरू होगी।

## कांग्रेस में जोड़-तोड़ ...

दलों के नेताओं ने अपने-अपने उम्मीदवारों से बातकर उन्हें एकजुट रहने की सलाह दी है। शनिवार को परिणाम आने के बाद आघाड़ी के सभी विधायकों को एक ही स्थान पर रखने की तैयारी भी की जा रही है। ताकि कोई *खेला* होने से बचा जा सके। मतदान के बाद आए ज्यादातर एक्जिट पोल्स में महायुति को बढ़त मिलने की संभावना जताई गई है। हालांकि ऐसे संभावना वाले एक्जिट पोल्स पर मविआ नेताओं ने अविश्वास जताते हुए अपनी ही सरकार बनने का दावा किया है। मगर उनकी चिंता भी बढ़ी दिख रही है। शिवसेना नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि महाविकास अघाड़ी के घटक दलों ने महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को मुंबई में एक साथ रखने का फैसला किया है। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मविआ नेताओं ने गुरुवार को बैठक की और हर सीट का आकलन किया। इनमें वह स्वयं, उनकी पार्टी के सहयोगी अनिल देसाई, राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और कांग्रेस नेता सतेज पाटिल और बालासाहेब थोराट शामिल थे। राउत ने विश्वास जताया कि एमवीए चुनाव में 160 सीटें जीतेगी। राउत ने यह भी कहा कि कोई भी ताकत मविआ को महाराष्ट्र में अगली सरकार बनाने से नहीं रोक सकती और शीर्ष पद पर निर्णय केवल महाराष्ट्र में ही लिया जाएगा। राउत ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को मुख्यमंत्री पद पर सहमति के लिए मुंबई आना है, क्योंकि राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार और शिवसेना (युनाइटेड) प्रमुख उद्धव ठाकरे मुंबई में ही हैं।

## नेताओं के घरों में लूटपाट...

वालों की पहचान कर ली गई है और अब उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। सीएम बीरेन सिंह ने मंत्रियों के घरों में आग लगाने और उनके दिवंगत पिता की तस्वीरों को जलाने और लीटपाट की घटना की निंदा की। प्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक आंदोलन के नाम पर कुछ गैंग मंत्रियों के घरों को लूट रहे हैं और उनकी संपत्तियों में आग लगा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के जरिए संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और अब उनके खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। मुझे सार्वजनिक तौर पर यह कहते हुए शर्म आती है कि मणिपुर में यह हो रहा है। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने लोगों से किसी भी हिंसात्मक कृत्यों में शामिल होने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन्हें जिरीबाम में बच्चों और महिलाओं की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन इस स्थिति का फायदा उठाने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने दावा किया कि अगर सीआरपीएफ ने 11 नवंबर को जिरीबाम में 10-11 उग्रवादियों को नहीं मार गिराया होता तो 100 नागरिकों की जान चली गई होती, क्योंकि उग्रवादी राहत शिविरों और पुलिस स्टेशन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। बीरेन सिंह ने कहा कि जब स्थिति में सुधार होगा, तब क्षेत्र में इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी। हमलावरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। जिरीबाम में मासूमों की हत्या का मामला एनआईए संभाल रही है। राज्य सरकार चुप नहीं है। हम उनकी तलाश में लगे हुए हैं। बता दें कि पिछले सप्ताह तीन महिलाओं और तीन बच्चों के लापता होने के बाद राज्य में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। हिंसा भड़कने के बाद भीड़ ने विधायकों के घरों को निशाना बनाया और उसमें तोड़फोड़ करने लगे। हालांकि, कुछ दिनों बाद लापता हुए लोगों के शव पाए गए। पिछले साल मई से इंफाल घाटी के मैतेई और आसपास की पहाड़ियों पर स्थित कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

## मारे गए नौ मैतेई ...

तीन महिलाएं और तीन बच्चे, जिनमें एक आठ महीने का बच्चा भी शामिल है, 11 नवंबर को जिरीबाम के बोरोबेकरा उपखंड में हुई गोलीबारी के बाद लापता बताए गए थे, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस के जवानों ने 10 *सशस्त्र उग्रवादियों* को मार गिराया था। कुकी-जो संगठनों ने दावा किया कि वे गांव के स्वयंसेवक थे। छह महिलाओं और बच्चों के शव तीन अलग-अलग दिनों में असम-मणिपुर अंतर्राज्यीय सीमा के पास तीन अलग-अलग स्थानों से बरामद किए गए और पोस्टमार्टम के लिए एसएमसीएच ले जाया गया। इस सप्ताह की शुरुआत में इंफाल घाटी में इन लोगों की हत्या के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे। मैतेई संगठनों ने आरोप लगाया था कि इन लोगों को कुकी उग्रवादियों ने अगवा कर उनकी हत्या कर दी।

## त्रिपुरा से 12 बांग्लादेशी...

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार घुसपैठियों ने कुबूल किया कि उन्होंने पिछली रात जंगल में बिताई थी और आज सुबह तेलियामुरा रेलवे स्टेशन पहुंचे। पुलिस को देखकर दलाल भाग गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मोहम्मद सिद्दीकी (60), मोनोरा बेगम (50), अब्दुल अजीज उल्लाह (22), अजीजुल हक (25), ओबैदुल उल्लाह (19), जमीला खातून (5), खुनशुन (18), कोहिनूर अख्तर (22), सागरिका यास्मीन (20), सताराई यास्मीन (6 महीने), नूरू सिद्दीकी (5) एवं मोहंती यास्मीन (2) के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को भी जीआरपी और त्रिपुरा पुलिस ने गोमती जिले के उदयपुर रेलवे स्टेशन, पश्चिम जिले के अगरतला रेलवे स्टेशन और सिपाहीजाला जिले के बिशालगढ़ से सात बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था।

## होजाई : डॉक्टर पर...

36 आरोपितों में से तीन नाबालिग हैं। आरोपितों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपदा प्रबंधन अधिनियम, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान से बचाव अधिनियम (पीडीपीपी) और असम मेडिकेयर सेवा व्यक्ति एवं मेडिकेयर सेवा संस्थान (हिंसा एवं संपत्ति को नुकसान से बचाव) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए कहा है कि 2021 के उदाली-होजाई के कुख्यात डॉक्टर हमला मामले में सक्षम अदालत ने 12 आरोपितों को दोषी करार दिया है और 10 साल तक की कैद की सजा सुनाई है। इसके लिए उन्होंने पूरी जांच और अभियोजन टीम को बधाई दी है।

## अडानी ग्रुप के ...

लगाया है। जांच के मुताबिक, अडानी ग्रीन और एज्योर पावर ग्लोबल ने भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (लगभग 2,236 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी थी, ताकि वे सोलर पावर प्रोजेक्ट्स हासिल कर सकें। इन परियोजनाओं में 2 अरब डॉलर से ज्यादा का मुनाफा होने का अनुमान था, और इसके लिए अडानी ग्रुप ने झूठे दावे करते हुए लोन और बॉन्ड्स जुटाए थे। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का असर इससे पहले, जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने भी अडानी ग्रुप पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, जिससे शेयरों में भारी गिरावट आई थी। लेकिन इस बार अमेरिकी एजेंसी के आरोपों के बावजूद, बाजार ने 24 घंटे में स्थिति को संभाल लिया और अडानी ग्रुप के शेयरों में सुधार हुआ। अडानी ग्रुप का बचाव अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि यह पूरी तरह से निराधार है। ग्रुप का कहना है कि वह हमेशा कानून के दायरे में काम करता है और सभी फैसले पारदर्शी होते हैं। अगला कदम गुरुवार की भारी बिकवाली के बाद शुक्रवार को अडानी ग्रुप के शेयरों में उछाल देखा गया। हालांकि, अडानी एनर्जी सॉल्यूशन में थोड़ी गिरावट रही, जबकि अन्य शेयरों में 5 प्रतिशत तक की तेजी आई। निवेशकों और विशेषज्ञों का मानना है कि इस मामले के बाद अडानी ग्रुप का प्रदर्शन बाजार में सुधार की ओर जा सकता है।

## सीएम ने विस परिसर...

असम की वर्तमान सरकार अपने आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि नई सुविधाएं विधानसभा द्वारा परंपरा को आधुनिकता के साथ सामंजस्य स्थापित करने के प्रयास को दर्शाती हैं, जो डिजिटल प्रगति के साथ-साथ असम की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह की पहल असम के प्राचीन इतिहास के प्रति अधिक सराहना को प्रेरित करेगी। इस कार्यक्रम में असम विधानसभा के अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी, संसदीय कार्य मंत्री पीयूष हजारिका, शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगू, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री जोगेन मोहन, कपड़ा मंत्री यूजी ब्रह्म और चाय जनजाति कल्याण विभाग के मंत्री संजय किशन सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## कांग्रेस हमारी सरकार ...

नेशनल कांफ्रेंस को पूर्ण बहुमत मिला और उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार बनी, लेकिन कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही है। विशेष दर्जे के प्रस्ताव के भाग्य के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उमर ने कहा कि विधानसभा में बहुमत से प्रस्ताव पारित हुआ था। सदन में कांग्रेस के सदस्य भी मौजूद थे। यह जीवित है और खारिज नहीं हुआ है। हमें राज्य का दर्जा मिल जाए, हम इस मामले को आगे बढ़ाएंगे। राजनीतिक कैदियों की रिहाई के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में उमर ने कहा कि कानून-व्यवस्था और सुरक्षा केंद्र के अधिकार क्षेत्र में हैं। इस स्थिति के बावजूद हम सत्यापन प्रक्रिया को आसान बनाने में सफल रहे हैं। मैंने विधानसभा में भाषण दिया था कि सत्यापन को हथियार बनाया गया है। इसे आसान बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं और इस संबंध में और प्रगति की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि प्रस्ताव में कुछ भी नहीं था। उमर ने पूछा कि अगर प्रस्ताव में कुछ भी नहीं था, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस बारे में बार-बार क्यों बात करते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने के बाद सरकार राजनीतिक कैदियों के मामलों की पैरवी करेगी और उनकी रिहाई सुनिश्चित करेगी। आज की कैबिनेट बैठक के बारे में उमर ने कहा कि आज की बैठक में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय तीन सदस्यों वाली कैबिनेट उप-समिति का गठन करना था, जो सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की पृष्ठभूमि में समग्र दृष्टिकोण अपनाएगी।

## शीतकालीन सत्र : सदन ...

कई संशोधनों पर प्रकाश डाला गया है। इस वक्फ संशोधन विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024 को लेकर संसद की संयुक्त समिति को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट लोकभा को सौंपनी है। इस विधेयक पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा कराकर इसे मंजूरी दिलाने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। वक्फ संसोधन विधेयक के मसौदे को लेकर संसद की संयुक्त समिति के चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने भी जानकारी दी है कि वह जल्द ही रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष को सौंप देंगे। हालांकि, संसद की संयुक्त समिति के सदस्य अभी इससे सहमत नहीं है। वह वक्फ संशोधन विधेयक के मसौदे पर चर्चा के लिए और समय चाहते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वक्फ संशोध विधेयक के मसौदे को सदन में पेश किए जाने के बाद हंगामा मचना तय है। इसके अलावा सरकार शीत कालीन सत्र में 15 और विधेयकों को भी पेश करने की तैयारी कर रही है। शीत कालीन सत्र के लिए सरकार ने जिन विधेयकों को सूचीबद्ध किया है, उनमें पांच नए विधेयक हैं। मणिपुर के जिरीबाम जिले में हिंसा की घटना ने एक बार फिर इस मुद्दे को जीवंत बना दिया है। मामले की गंभीरता को देखकर कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। इसमें खड़गे से प्रधानमंत्री से मणिपुर के हालात को लेकर कई सवाल पूछे थे। खड़गे द्वारा लिखे गए पत्र का भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जवाब लिखकर कांग्रेस को अध्यक्ष को भेज दिया है। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने नड्डा के इस जवाब पर भाजपा अध्यक्ष को आड़े हाथो लिया है। भाजपा अध्यक्ष के पत्र को झूठ का पुतला बताया है।

## पर्यटन मंत्रालय 26 से 29 ...

मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के पर्यटन व्यवसायों और उद्यमियों को एक साथ लाता है, ताकि खरीदारों, विक्रेताओं, मीडिया, सरकारी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के बीच सहयोग और बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके। 12वां अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट ऐसे क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जो अपनी विविध स्थलाकृति, समृद्ध वनस्पतियों और जीवों, जीवंत जातीय समुदायों, प्राचीन परंपराओं, त्योहारों और प्रचुर कला और शिल्प के लिए प्रसिद्ध है। यूनेस्को स्थल, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और राजसी एक सींग वाले गैंडे का घर इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। पर्यटन महानिदेशक मुग्धा सिन्हा ने शुक्रवार को यहां 12वां अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 400 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू टूर ऑपरेटर, होटल व्यवसायी और होम स्टे मालिक, पर्यटन सेवा प्रदाता, भारत सरकार और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, मीडिया और अंतर्राष्ट्रीय छात्र आदि शामिल हैं। महानिदेशक ने आगे बताया कि तीन दिवसीय मार्ट में कई तरह की गतिविधिया होंगी, जिनमें राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुतियां, बी टू बी बैठकें, पैनल चर्चाएं, खाद्य प्रदर्शन, सांस्कृतिक संध्याएं, लाइव संगीत, उत्तर पूर्व बाजार और चराइदेव मोइदम (भारत का सबसे नया और 43वां यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (राष्ट्रीय उद्यान के रूप में 50 वर्ष), हाथीकुली चाय बागान और आर्किड और जैव विविधता पार्क जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का तकनीकी दौरा शामिल है। इसमें उत्तर पूर्वी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे अंतर्राष्ट्रीय छात्र और दुनिया भर के प्रभावशाली लोग भी शामिल होंगे, जो उन्हें क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करेंगे। महानिदेशक ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने, ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को अपनाने और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करके किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्ट के दौरान परिवहन को समर्पित शटल सेवाओं के माध्यम से सुगम बनाया जाएगा, जो पर्यटन को प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने और एक स्थायी, सकारात्मक विरासत सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## महाराष्ट्र में मतगणना...

मतदान 65 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर मतों की गिनती 23 नवंबर को सुबह 8 बजे शुरू होगी। डाक मतपत्रों की गिनती सुबह 08 बजे शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू होगी। डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होने से 288 मतदान केंद्रों पर उनकी गिनती के लिए 1732 टेबल और ईटीपीबीएमएस स्कैनिंग (प्री-काउंटिंग) के लिए 592 टेबल लगाए गए हैं। सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को मतगणना केंद्रों के बारे में लिखितसूचना दे दी गई है।

## शुरू हो चुका है ...

रोकने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इसे यहां यूक्रेन के क्षेत्र में रोकना अभी भी संभव है, लेकिन किसी कारण से, हमारे साझेदार इसे समझना नहीं चाहते हैं। यह स्पष्ट है कि यूक्रेन के पास पहले से ही बहुत सारे दुश्मन हैं। यूक्रेन के पूर्व सैन्य प्रमुख की चेतावनी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि उन्होंने ही शुरुआती रूसी आक्रमण से लड़ने में सफलता हासिल की थी। हालांकि इस साल की शुरुआत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बढ़ते तनाव के बीच उन्हें पद से हटा दिया गया था। जालुजनी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब रूस-यूक्रेन युद्ध में खतरनाक तेजी देखी गई है। खासकर, अमेरिका की ओर से यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल का उपयोग करने की इजाजत दिए जाने के बाद से। रूस ने भी जवाब में यूक्रेन पर एक नई तरह की बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसे लेकर पुतिन ने दावा किया कि यह एक हाइपरसोनिक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया कि उनकी सेना ने द्निप्रो में यह हाइपरसोनिक मिसाइल दागी। इस हमले को लेकर जेलेंस्की ने कहा कि यह इस युद्ध के पैमाने और क्रूरता में एक स्पष्ट और गंभीर वृद्धि है।

## नागाराम के जंगल ...

गए हैं। बस्तर आईजी सुंददराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं, मुठभेढ़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। सर्च अभियान जारी है, विस्तृत जानकारी सर्च अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जावेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को मिली इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट चुका है, हम आगे भी इस दिशा में ठोस कदम उठाते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई दी और कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाये के लक्ष्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार सुनियोजित तरीके से काम कर रही है।



# मुख्यमंत्री झारखंड में भाषण देने नहीं काला धन बांटने गए थे : कांग्रेस

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) ने रिश्वत घोटाले में गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी अदालत द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर शुक्रवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की है। भूपेन कुमार बोरा ने गुवाहाटी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गौतम अडानी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने घोटाले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि गौतम अडानी और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के बीच गुप्त संबंध थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने गौतम अडानी पर दो लाख करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी गौतम अडानी के खिलाफ जांच के आदेश




दिए हैं। लेकिन गौतम अडानी खुलेआम घूम रहे हैं। अडानी पर मुकदमा नहीं चलाया जा रहा है, क्योंकि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेहद करीबी हैं। अमेरिका द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने और अदालत के आदेश के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गौतम अडानी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। अडानी नरेन्द्र मोदी के करीबी हैं। उन्होंने कहा कि अदालत में जानकारी है कि अडानी के साथ सीधे लेन-देन हुए हैं। उन्होंने कहा कि गौतम अडानी ने सौर परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली की खरीद के लिए सरकार का प्रबंधन करने के लिए राज्य के अधिकारियों को दो हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया था। हालांकि, अभी तक अडानी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा अडानी के पैसे का इस्तेमाल राज्यों में सरकारों को तोड़ने के लिए करती है। भूपेन बोरा ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा अब तक के और देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री का गौतम अडानी की सहायक कंपनी अजूर पावर से संबंध है। कंपनी के पीछे गौतम अडानी का हाथ है। अजूर ग्रुप ने असम में 90 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना शुरू की है। इससे पहले खबर आई थी कि अडानी ग्रुप से एक मेगावाट बिजली खरीदने के लिए 25 लाख रुपए की रिश्वत दी गई थी। फरवरी 2022 में गौतम अडानी ने असम का दौरा किया और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से मुलाकात की। जुलाई 2022 में अजूर ग्रुप ने असम में 90 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना पर काम शुरू किया। असम सरकार ने अडानी ग्रीन और अजूर ग्रुप के साथ समझौते किए। समझौते के अनुसार, असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड 25 साल के लिए सौर ऊर्जा खरीदेगी। इसका मतलब है कि असम के लोगों को 25 साल तक अडानी से ऊंची कीमतों पर सौर ऊर्जा खरीदनी होगी। भूपेन बोरा ने मांग की है कि असम में अजूर समूह की सौर ऊर्जा परियोजना की जांच की जाए और कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा बैथालांगसू में आदिवासियों की सात हजार बीघा जमीन गौतम अडानी को देना चाहते हैं। यह जमीन गौतम अडानी को सीमेंट फैक्ट्री के लिए दी जाएगी। कांग्रेस ने असम में भ्रष्टाचार के दो मामलों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति की मांग की। पीपीसीसी अध्यक्ष ने अडानी की गिरफ्तारी की भी मांग की। भूपेन कुमार बोरा ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा की करीब चार महीने तक झारखंड में व्यस्त रहने की आलोचना की और उन्हें अंशकालिक मुख्यमंत्री कहा।

## पत्नी की हत्या का आरोपी हिरासत में

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के बोको के दारीगांव इलाके में एक महिला का शव तालाब से बरामद किए जाने के मामले में पुलिस ने मृतक महिला के पति को हिरासत में लिया। पुलिस ने आज बताया कि महिला के पति पर महिला की हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मृतक रेनू दास (40) नामक महिला का शव उसके घर के सामने स्थित तालाब से बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बोको पुलिस की एक टीम ने महिला का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मिर्जा के धनतोला इलाके में रहने वाले मृतक महिला के पिता ने पति और उसके परिवार वालों पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार के साथ ही उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। मृत महिला के पिता द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर बोको पुलिस ने मृतक महिला के पति विपुल दास को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गुवाहाटी में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पुलिस ने आज हेरोइन के साथ एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया। दी गई जानकारी के अनुसार एक गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की दोपहर असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा बशिष्ठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्वराजपुर, एनआईपीसीसीडी रोड पर छापेमारी की गई और कुख्यात ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया गया। छापामारी में बरामद की गई वस्तुओं में संदिग्ध हेरोइन से भरी 35 शीशियां शामिल हैं, जिनका वजन 46.75 ग्राम है। साथ ही एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान चंदन छेत्री उर्फ कांछा (36) के रूप में हुई है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।



## वृद्ध आश्रम और अनाथालय में मारवाड़ी महिला एकता मंच ने दिया सहयोग



**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी महिला एकता मंच द्वारा प्रमोद तालुकदार मेमोरियल ओल्डएज होम, बेलतला, गुवाहाटी और असम चाइल्ड एंड विमेंस व्हील फेयर सोसाइटी, रूपनगर, गुवाहाटी में बच्चों और बुजुर्गों में जरूर का सामान वितरण किया पानी गरम करने की बीजली की छः केतली एवं गर्म सेक की थैली बुजुर्गों और बच्चों में वितरण की गई साथ ही में फल मिठाई इत्यादि वस्तु भी दी और उनके साथ भजन कीर्तन करके बुजुर्गों के लिए अपनात्व की भावना के साथ समय बिताया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सरोज मित्तल, कार्यकरनी अध्यक्ष शारदा केडिया, उपाध्यक्ष मंजू पाटनी, जानकी चांडक, निर्मला जागीर, सुनीता अग्रवाल, मंजू हरलालका, मंजू मुरारका एवं सुमित्रा काबरा और सुशीला अग्रवाल का भरपूर सहयोग रहा इसकी जानकारी प्रचार मंत्री संतोष धानुक ने दी।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बरपेटा ( हिंस )।** बरपेटा जिले के बरपेटा रोड कलहभांगा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 पर हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अपनी दुकान बंद कर अपने घर जा रहे मृतक को पीछे से वैगनआर कार (एएस- 15एक्स- 8144) ने जोरदार ठोकर मार दिया। दुर्घटना में सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से बरपेटा रोड के कलहभांगा निवासी इब्राहिम तालुकदार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने दुर्घटना में शामिल वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लाचित दिवस के मौके पर मायुमं कामाख्या शाखा का सेमिनार आयोजित

**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी युवा मंच कामाख्या शाखा ने फैंसी बाजार स्थित मंच कार्यालय में *बीर लाचित दिवस* के अवसर पर शाखा उपाध्यक्ष कविता अग्रवाल की अध्यक्षता में एक सेमिनार और पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत महान नायक, असम और भारत के गौरव लाचित बरफुकन की छवि पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित के साथ हुई। मुख्य वक्ता के रूप में असम साहित्य सभा के पूर्व कोषाध्यक्ष, कवि किशोर कुमार जैन ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रुप में साहित्य सभा के कार्यकारिणी सदस्य, पत्रकार और लेखक दीपक शर्मा ने कहा कि मैं मारवाड़ी महिलाओं के अतुलनीय व्यक्तित्व से प्रभावित हूं। वे लाचित दिवस मनाने के लिए जल्दी बाहर आ गई



हैं। अपनी जन्मभूमि से प्यार करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। कार्यक्रम की संयोजिका मीना जैन और सीमा शर्मा थी। कार्यक्रम में सचिव अनुसुईया शर्मा, कोषाध्यक्ष खुशबू मोर, कृतिका अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष व सलाहकार मीना पद्दार, प्रेमलता सिंघानिया, किरण अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, अरुणा अग्रवाल, जया पारिक, ममता सेठी, नेहा जैन, निष्ठा पौद्दार, अनीशा अग्रवाल, डोनबोस्को हाई स्कूल, पानबाजार के 7वीं कक्षा के छात्र कुशल जैन, हैप्पी चाइल्ड स्कूल के 4वीं कक्षा के छात्र श्रेयान शर्मा ने लाचित बरफुकन के नेतृत्व, वीरता, व्यक्तित्व और अतुलनीय देशभक्ति पर संबोधन दिया। शाखा की जनसंपर्क सचिव अरुण अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेता रितु अग्रवाल, मधु खाखरिया, कृतिका अग्रवाल और खुशिका जैन को पुरस्कृत किया गया।

## बाघ पर हमले के नौ आरोपी हिरासत में

**नगांव, ( हिंस )।** जखलाबंधा के केरी बाकरी में बाघ पर किए गए हमले के मामले में जखलाबंधा पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि घटना के संबंध में जखलाबंधा थाने में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला 112/24 दर्ज किया गया है। वीडियो फुटेज के जरिए बाघों पर पथराव करने वाले छह लोगों की पहचान की गई। गिरफ्तार किए गए छह लोगों की पहचान जयंत सेन, बहादुर सहनी, संतोष गड़, दुर्गा गड़, निखिल सहनी और नरेश सहनी के रूप में हुई है। इसके अलावा तीन अन्य गिरफ्तार लोगों में विकास महतो, शंभू गड़ और अरबाज कुरैशी के नाम शामिल हैं।

## सिलापाथर में भारी मात्रा में अरुणाचली शराब जब्त

**धेमाजी ( हिंस )।** धेमाजी जिले के सिलापथार में एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अरुणाचली शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आज बताया कि सिलापथार के लिकाबली से माजुली के रास्ते पर आबकारी विभाग की विशेष शाखा ने प्रशासन की मदद से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त करने में कामयाबी हासिल की। अरुणाचली में बिक्री के लिए जारी शराब की आपूर्ति अवैध रूप से बोलेरो वाहन ( एएस- 04एसी- 7064) में की जा रही थी। इस सिलसिले में एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक अन्य वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

## गौरीपुर में भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

**धुबड़ी, ( हिंस )।** धुबड़ी जिले के गौरीपुर में एक तस्कर को काफी मात्रा में ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गौरीपुर डुमरदा में उस समय तस्कर को गिरफ्तार किया जब वह इलाके में ड्रग्स बेचने जा रहा था। गौरीपुर बालाजान पुलिस, 48 सीआरपीएफ के जवानों ने सीक्रेट ऑपरेशन चलाकर युवक को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। पुलिस ने आज बताया कि हिरासत में लिए गए युवक की पहचान समीनुर इस्लाम के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक की पहचान गौरीपुर मालती खामत निवासी के रूप में हुई है। युवक के पास से ड्रग्स भरे छह कंटेनर और 2,640 रुपए नकद जब्त किए गए। युवक को बालाजान पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और अधिक जानकारी के लिए उससे पूछताछ की जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में असम के अभिजीत नेवार पुरस्कृत



**गुवाहाटी।** असम के अभिजीत नेवार ने बुद्ध अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए विशेष जूरी पुरस्कार ओर सर्वश्रेष्ठ पटकथा पुरस्कार जीता। उन्हें यह खास अवॉर्ड 15 नवंबर को महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित द बुद्धा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिला है। अभिजीत नेवार को यह सम्मान हिंदी और अंग्रेजी भाषा की फिल्म इउनालोम के लिए मिला है। कोकराझाड़ जिले के श्रीरामपुर निवासी अभिजीत नेवार वर्तमान में कामरूप जिले के अमीनगांव का रहने वाला है। अभिजीत नेवार पिछले आठ सालों से नाटक और फिल्म की दुनिया से जुड़े हुए हैं।

## युवक पर लगा युवती के अपहरण का आरोप

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के कमलपुर कलमनि श्री श्री कर्ममाधव बारोबारी रास महोत्सव परिसर से एक युवती का अपहरण किए जाने के शक के आधार पर स्थानीय लोगों ने एक युवक की बुरी तरह पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार रास महोत्सव में फास्ट फूड की दुकान कर रही एक महिला की बेटी कलमानि को हिमांशु नाथ उर्फ केजरीवाल बहला फुसलाकर ले गया। अचानक युवती के लापता होने की वजह से युवती की मां परेशान हो गयी। महिला ने रास महोत्सव में मौजूद अन्य लोगों के साथ मिलकर युवती की खोजबीन शुरू कर दी। सुनसान इलाके में युवती को बेहोशी के हालात में पाया गया। युवती के मिलते ही लोगों ने युवक की बुरी तरह पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। युवती को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जंगली हाथियों के उपद्रव से किसान परेशान

**गोलाघाट ( हिंस )।** गोलाघाट जिले के नुमलीगढ़ इलाके में जंगली हाथियों के उपद्रव से किसान और ग्रामीण काफी परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को बताया कि खाद्य की तलाश में पहुंचा जंगली हाथियों का एक झुंड गांव में प्रवेश कर पके हुए धान खा रहा है।

जिसकी वजह से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। हाथियों का झुंड देखे जाने के बाद किसानों द्वारा घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पूरानाबांग्ला इलाके से जंगली हाथियों के झुंड को खदेड़ने की कोशिश की।

जंगली हाथियों का झुंड मरडी राजस्व चक्र कार्यालय की चारदीवारी तोड़कर कार्यालय परिसर में प्रवेश कर गये। हाथियों के झुंड द्वारा कार्यालय परिसर में काफी नुकसान पहुंचाया गया। वन विभाग की टीम बड़ी मशक्कत के बाद हाथियों के झुंड को राजस्व चक्र कार्यालय परिसर से बाहर निकाल सकी। फिलहाल हाथियों का झुंड पुरानाबांग्ला इलाके में आश्रय लिए हुआ है।

जिसके वजह से स्थानीय किसान और लोगों के बीच दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से हाथियों के झुंड से निजात दिलाने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री की मौत

**बगाईगांव ( हिंस )।** बंगाईगांव जिले के तालागुड़ी दैनिक बाजार के पास शुक्रवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नाशिर अहमद अपनी बेटी शहनाज अहमद को स्कूल छोड़ने के लिए जाते समय बाइक को ट्रैवलर द्वारा सामने से ठोकर मार जाने की वजह से मौके पर ही पिता-पुत्री की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर राष्ट्रीय राजमार्ग 17 को अवरुद्ध कर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। उग्र प्रदर्शनकारियों ने ट्रैवलर बस में आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने अग्निशमन की मदद से बस में लगी आग को बुझाया, हालांकि बस पूरी तरह से जल चुकी थी। पुलिस के द्वारा स्थानीय लोगों समझाकर राष्ट्रीय राजमार्ग को खाली करवाया गया।

## युवा उद्योगपति नीराज नीशीम हजारिका के प्रयास की चारों ओर की जा रही सराहना

**विश्वनाथ ( विभास )।** कल युवा उद्योगपति व सतिया के विधायक पद्म हजारिका के पुत्र नीराज नीशीम हजारिका के प्रयास से हजारों लोगों की एक विशाल शोभायात्रा निकाल कर वीर लाचित बरफुकन की पांच क्विंटल से अधिक वजन ओर 8 फुट से अधिक लंबी मूर्ति सतिया के सूतियाल गांव से जामुगुड़ीहाट के शांतिपुर कन्यका मार्केटिंग सोसायटी के प्रांगण के सामने स्थापित की गई लाचित दिवस के अवसर पर इस विशाल मूर्ति को मांगलिक कार्यक्रम से विधिवत रूप से स्थापित किया जाएगा। युवा हस्त शिल्पकार मंजीत हजारिका ने इस विशाल मूर्ति को तैयार किया है। इस शोभायात्रा में सतिया जामुगुड़ीहाट सहित न-दुवार



विधानसभा से हजारों हजारों की संख्या में लोग शामिल होकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई मूर्ति स्थापन के बाद विधायक पद्म हजारिका से सभी को संबोधित करते हुए युवा उद्योगपति नीराज नीशीम हजारिका के प्रयास की सराहना करते हुए माहवीर लाचित बरफुकन के जातीप्रेम साहस वीरता देशप्रेम पर प्रकाश डालते हुए वीर लाचित बरफुकन के दिखाए गये मार्ग पर चलकर असमिया जाति को आगे बढ़ना होगा।

## रंगिया दीपतेश्वरी आंचलिक रास महोत्सव को लेकर भक्तों में देखा जा रहा खासा उत्साह

**रंगिया ( विभास )।** राज्य के विभिन्न हिस्सों के साथ रंगिया में भी रास महोत्सव का व्यापक आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में रंगिया के दीपतेश्वरी आंचलिक हरि मंदिर प्रांगण में 10दिवसीय कार्यक्रमों के साथ इसवर्ष 49वां आयोजन विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों के साथ किया गया है। महोत्सव का शुभारंभ दीप्तेश्वरी आंचलिक हरिमंदिर समिति के अध्यक्ष नृपेन चंद्र नाथ द्वारा ध्वजारोहण और आयोजन समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष विद्याधर कलिता द्वारा स्मृति तर्पण और विभिन्न आमंत्रित अतिथियों तथा स्थानीय लोगों की उपस्थिति में पिछले पंद्रह नवंबर को किया गया। इसवर्ष महोत्सव की स्वर्ण जयंती का स्वागत वर्ष होने के कारण आयोजकों और भक्तों में और भी अधिक उत्साह देखा जा रहा है। उद्घाटन समारोह और रास उत्सव के पहले दिन सहित यहां रोजाना लाखों भक्तों की भीड़ देखी जा रही है।



आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महोत्सव का आयोजन इसबार भी कई लाखों रुपयों की लागत से किया जा रहा है। विभिन्न साज-सजावट के साथ विद्युतिक कला कौशल और आर्कषक मूर्तियां महोत्सव के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। महोत्सव के 10 दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत पूजा-अर्चना, नाम-प्रसंग, भागवत पाठ, आतिशबाजी, नृत्य प्रतियोगिता, गामोछा मिनी थियेटर का नाटक प्रदर्शन, आवाहन थियेटर का प्रदर्शन, नागरा नाम प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किये जा रहे है। मालूम हो कि दीप्तेश्वरी रास महोत्सव का समापन आगामी कल यानी 24 नवम्बर को किया जाएगा।वहीं दीपतेश्वरी आंचलिक हरि मंदिर के अध्यक्ष नृपेन चन्द्र नाथ, उपाध्यक्ष महेंद्र महंतो और माधव चंद्र नाथ, मुख्य सचिव गोरांगो कुमार नाथ, सह सचिव परेन चंद्र नाथ, कोषाध्यक्ष निरंजन डेका तथा महोत्सव आयोजन समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष विद्याधर कलिता, मुख्य सचिव दिनेश कलिता, सह सचिव ध्रुव ज्योति कलिता सहित समिति के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति और सहयोगिता के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया गया है।

*No.GDB-242/15th FC/Tied/2022-23/40* *Dated-Gossaigaon the 21st Nov./2024*

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed Tender are invited in F-2 Form for the works shown below from the intending Registered Contractor of Class-I and Class-II (A, B & C) category of Assam PWD (Roads & Building) with affixing Non-refundable court fee of Rs. 8.25 (Rupees Eight and paise twenty five) only in a prescribed Form under Award of **15th Finance Commission** (Grand No. 66) for the year 2024-25. The Tender will be received on 13-12-2024 upto 1:00 PM in the Office of the undersigned and will be opened on same day at 1:30 PM in the Office of the undersigned and C.S. will be submitted to

| Sl. No. | Name of work | Estimated amount | Bid Security | Cost of BID documents (D/D) @ 0.03% (Approx.) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of Community Toilet at Aminkata Mandir | Rs. 10,47,960/- | Rs.10,480/- @ 1% for ST/SC/OBC & Rs.20,960/- @ 2% for General | Rs.330/- | 6 (six) Months from the date of issue of work order |
| 2 | Const. of Community Toilet at Patwibari NELC | Rs. 10,47,960/- | Rs.10,480/- @ 1% for ST/SC/OBC & Rs.20,960/- @ 2% for General | Rs.330/- | |

The Terms and Condition details may be seen at Notice Board in the Office of the Block Development Officer, Gossaigaon Development Block from **21-11-2024 to 13-12-2024** upto 1:00 PM.

Sd/-
Block Development Officer,
Gossaigaon Dev. Block, Gossaigaon

*IPR(BTC)/C/2024-25/925*

संपादकीय

# क्या अब 'नोट जेहाद'?

**भाजपा** के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर 5 करोड़ रुपए नकदी बांटने और शराब की बोतलें कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को देने के गंभीर आरोप लगे हैं। महाराष्ट्र में मतदान से कुछ घंटे पहले ही, मुंबई के पास बसई-विरार के एक होटल में, तावड़े नकदी के बैगों के साथ दिखाई दिए, लिहाजा उनके खिलाफ तीन प्राथमिकियां दर्ज की गईं। तावड़े ने आरोपों को खारिज किया है और भाजपा ने इन्हें बेबुनियाद, हास्यास्पद आरोप करार दिया है। विरार और नालासोपारा की स्थानीय पार्टी 'बहुजन विकास अघाड़ी' के विधायक-नेताओं और कार्यकर्ताओं ने होटल में हंगामा मचाया, नोट हवा में लहराए, करीब 3 घंटे तक तावड़े की घेराबंदी किए रखी। विरार के विधायक हितेंद्र ठाकुर ने 5 करोड़ नकदी बांटने का आरोप लगाया है। कुछ डायरियों के भी आरोप लगाए हैं, जिनमें दर्ज है कि किसे, कितना पैसा दिया गया। वह 5 करोड़ रुपए का नकदी कहां है, उसे अभी तक बरामद करके सार्वजनिक नहीं किया गया है। अलबत्ता होटल के कमरा नंबर 405, 410, 416 से क्रमशः 9 लाख, 72500 और 14000 रुपए जरूर बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, 4 बोतल शराब और कुछ चुनाव प्रचार सामग्री भी जब्त किए गए हैं। बेशक यह चुनाव की अनैतिकता के साथ-साथ आचार संहिता का उल्लंघन भी है। यह चुनाव-अपराध भी है, क्योंकि प्रचार समाप्त होने के बाद दूसरे चुनाव क्षेत्र में जाना वर्जित है, लिहाजा आचार संहिता का हनन भी है। पुलिस ने संज्ञान लेते हुए बीएनएस की धारा 163 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 126 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आचार संहिता के उल्लंघन के मद्देनजर प्राथमिकी अलग है। सभी तीन प्राथमिकियों में भाजपा नेता विनोद तावड़े को आरोपित बनाया गया है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। चूंकि विरार क्षेत्र में 'बहुजन विकास अघाड़ी' का राजनीतिक प्रभाव है, लिहाजा यह उसकी सियासत हो सकती है। तावड़े नोट बांट रहे हों, इसका कोई साक्ष्य नहीं है। नालायकी है अथवा यह जानबूझ कर किया गया, लेकिन होटल के उन कमरों के सीसीटीवी बंद थे। जांच के लिए फुटेज कहां से मिलेगी? बहरहाल नकदी बांटना, शराब मुहैया कराना या कुछ और वस्तुएं बांटना हमारे चुनाव-तंत्र का हिस्सा रहे हैं। नैतिक-अनैतिक होने के सवाल फिजूल हैं। औसतन हर चुनाव में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। महाराष्ट्र के इन चुनावों में ही 18 नवंबर तक करीब 1000 करोड़ रुपए के नकदी, सोना, चांदी और ड्रग्स पकड़े गए थे। नासिक के एक होटल में शिवसेना (शिंदे) के एक नेता करीब 2 करोड़ रुपए नकदी के साथ पकड़े गए। आरोप एनसीपी (शरद) सांसद सुप्रिया सुले और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर भी आरोप लगाए गए हैं कि बिटक्वाइन की हेराफेरी के पैसे का इस्तेमाल चुनाव में किया जा रहा है। अब जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है कि वह निष्पक्ष जांच करे। हर चुनाव में ऐसा ही निष्कर्ष सामने आता है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान 10,000 करोड़ रुपए नकदी, शराब, अन्य वस्तुओं के रूप में पकड़े गए। उनका क्या हुआ? जिन पर केस दर्ज किए गए थे, उनका निष्कर्ष क्या निकला? वे सार्वजनिक क्यों नहीं हो पाए? दरअसल चुनाव आयोग 'दंतहीन' निकाय है। उसे संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन किसी को दंडित करने के अधिकार नहीं हैं। सवाल यह भी है कि जो करोड़ों रुपए जब्त किए जाते हैं, वे कहां जाते हैं? क्या वे किसी राज्य के खजाने का हिस्सा बनते हैं? अदालत में भी सौंपेंगे, तो वहां से भी सरकार के पास ही नकदी जाएगी। तावड़े प्रकरण सामने आया है, तो उद्धव ठाकरे ने इसे 'नोट जेहाद' करार दिया है। राहुल गांधी ने फिर प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया है-आखिर ये 5 करोड़ रुपए किस 'सेफ' से आए हैं? जनता का पैसा लूट कर आपको किसने टेम्पो में नकदी भेजा है? आरोप जितने भी हों, लेकिन यह कोई न्यायिक निष्कर्ष नहीं है।

महाराष्ट्र में मतदान से कुछ घंटे पहले ही, मुंबई के पास बसई-विरार के एक होटल में, तावड़े नकदी के बैगों के साथ दिखाई दिए, लिहाजा उनके खिलाफ तीन प्राथमिकियां दर्ज की गईं। तावड़े ने आरोपों को खारिज किया है और भाजपा ने इन्हें बेबुनियाद, हास्यास्पद आरोप करार दिया है। विरार और नालासोपारा की स्थानीय पार्टी 'बहुजन विकास अघाड़ी' के विधायक-नेताओं और कार्यकर्ताओं ने होटल में हंगामा मचाया, नोट हवा में लहराए, करीब 3 घंटे तक तावड़े की घेराबंदी किए रखी। विरार के विधायक हितेंद्र ठाकुर ने 5 करोड़ नकदी बांटने का आरोप लगाया है। कुछ डायरियों के भी आरोप लगाए हैं, जिनमें दर्ज है कि किसे, कितना पैसा दिया गया। वह 5 करोड़ रुपए का नकदी कहां है, उसे अभी तक बरामद करके सार्वजनिक नहीं किया गया है। अलबत्ता होटल के कमरा नंबर 405, 410, 416 से क्रमश : 9 लाख, 72500 और 14000 रुपए जरूर बरामद किए गए हैं।

### आज गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आदि के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, एवं नोर्थ ईस्ट के इलाके भी तेजी से विकास कर रहे

# भारत में रोजगार के संदर्भ में बदलना होगा अपना नजरिया

भारत में अब ग्रामीण इलाके भी देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं तथा कई राज्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, यह भी बताया गया है कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है। आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं।

**भारतीय** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति की सदस्य सुश्री शमिका रवि द्वारा हाल ही में सम्पन्न किए गए एक रिसर्च पेपर में, आंकड़ों के साथ, कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। इस रिसर्च पेपर में भारत के आर्थिक विकास के कई क्षेत्रों के सम्बंध में तथ्यों पर आधारित सारगर्भित बातें बताने के साथ साथ यह भी जानकारी दी गई है कि किस प्रकार भारत में अब ग्रामीण इलाके भी देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान बढ़ा रहे हैं तथा कई राज्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। साथ ही, यह भी बताया गया है कि किस प्रकार भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास का लाभ देश के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसरों के रूप में मिल रहा है। आज भारत में केवल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे जैसे महानगर ही देश के विकास में भागीदारी नहीं कर रहे हैं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी पर्याप्त विकास हो रहा है। इससे रोजगार के अवसर भी इन इलाकों में निर्मित हो रहे हैं। सबसे अधिक विकास आज अविकसित क्षेत्रों में हो रहा है। आज गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आदि के साथ साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, एवं नोर्थ ईस्ट के इलाके भी तेजी से विकास कर रहे हैं। विकास के कई नए क्षेत्रों का निर्माण हुआ है। पिछड़े हुए इन राज्यों में गति पकड़ रहा विकास, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और भी अधिक वृद्धि दर्ज करने में सहायक सिद्ध होगा। ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाओं का अतुलनीय विस्तार हुआ है, जिसके चलते अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्य करने वाली कम्पनियां भी अपने संस्थानों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित हो रही हैं। विशेष रूप से दक्षिणी प्रदेशों में कुछ कम्पनियों ने इस सम्बंध में अच्छी पहल की है। प्राचीन भारत में ग्रामीण क्षेत्र ही आर्थिक विकास के मजबूत केंद्र रहे हैं। इससे इन क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर भी इनके आसपास के इलाकों में मिल जाते हैं और इन्हें शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन करने की आवश्यकता ही नहीं होती है। दूसरे, सामान्यतः देश के



विभिन्न राज्यों की वित्तीय स्थिति में भी मजबूती आई है। कुछ राज्यों के बजटीय घाटे में अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। परंतु, साथ ही कुछ राज्यों जैसे, पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, आदि प्रदेशों में आज बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय हो रही है जिसे शीघ्र ही सम्हालने की आवश्यकता है क्योंकि एक तो इन राज्यों में विकास दर कम होती जा रही है दूसरे इन राज्यों द्वारा मुफ्त योजनाओं को धड़ल्ले से चलाया जा रहा है, बगैर यह ध्यान दिए कि इन बढ़े हुए खर्चों के लिए क्या उनके बजट में कुछ गुंजाइश भी है। इस प्रकार के बढ़े हुए खर्चे इन राज्यों के बजट पर अंततः दबाव बढ़ाते हैं। आज देश में कुछ राज्यों में ब्याज के भुगतान, प्रशासन सम्बंधी खर्चों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान करने में ही पूरे बजट की राशि समाप्त हो जाती है। प्रदेश में विकास कार्य करने के लिए कुछ भी राशि बचती ही नहीं है बल्कि कुछ राज्यों को तो इन मदों पर भुगतान करने हेतु भी ऋण लेना होता है जो बजट पर और अधिक दबाव को बढ़ाता है। पूंजीगत खर्चे इन राज्यों में कम ही हो पा रहे हैं जिससे इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय भी कम है और ये राज्य विकास की दर को हासिल नहीं कर पा रहे हैं। दिल्ली में पिछले 10 वर्ष पूर्व तक पूंजीगत मदों पर बजट का एक बहुत बड़ा भाग खर्च होता था परंतु पिछले 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय में भारी कमी दृष्टिगोचर हुई है। पंजाब की स्थिति भी बहुत खराब हो गई है केवल 20 वर्ष पूर्व तक पंजाब देश में सबसे अमीर राज्यों की श्रेणी में शामिल था परंतु आज इसके आसपास के राज्य, हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा, भी पंजाब से आगे निकल गए हैं। इन राज्यों में उद्योगों को स्थापित करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। पंजाब से उद्योग निकलकर हिमाचल प्रदेश एवं हरियाणा में चला गया है। मध्यप्रदेश एवं बिहार कृषि के क्षेत्र में बहुत भारी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं परंतु उद्योग के कम मात्रा में होने के चलते इन राज्यों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि दर तुलनात्मक रूप से कम है। किसी भी देश के लिए श्रम की भागीदारी एवं बेरोजगारी दो अलग अलग मुद्दे हैं। श्रम की भागीदारी में 18 वर्ष से 59 वर्ष के बीच के वे लोग शामिल रहते हैं जो अर्थ के अर्जन हेतु या तो कुछ कार्य कर रहे हैं अथवा कोई आर्थिक कार्य करने को उत्सुक हैं एवं इस हेतु रोजगार तलाश रहे हैं। पिछले 40 वर्षों के दौरान चीन में श्रम की औसत भागीदारी 75 प्रतिशत से ऊपर रही है। अर्थात प्रत्येक 4 में से 3 लोग या तो रोजगार में रहे हैं अथवा रोजगार तलाशते रहे हैं। वियतनाम में श्रम की भागीदारी 72 से 73 प्रतिशत की बीच रही है। बंगलादेश में यह 60 प्रतिशत से अधिक रही है। परंतु भारत में श्रम की भागीदारी 5 वर्ष पूर्व तक केवल 50 प्रतिशत के आसपास थी जो आज बढ़कर 57 प्रतिशत हो गई है। अर्थात इतने बड़े देश में कुल कार्य करने योग्य जनसंख्या में से आधे से कुछ कम आबादी या तो रोजगार में नहीं है अथवा रोजगार तलाश भी नहीं रही है। यह स्थिति भारत जैसे देश के लिए ठीक नहीं है। दूसरे, बेरोजगारी से आश्य ऐसे नागरिकों से है जो रोजगार तलाश रहे हैं लेकिन उन्हें रोजगार मिल नहीं रहा है। भारत में ऐसे नागरिकों की संख्या मात्र 3 प्रतिशत ही है। समय के साथ बेरोजगारी की दर में थोड़ा बहुत परिवर्तन होता रहता है। परंतु, जब इस स्थिति को विभिन्न प्रदेशों के बीच तुलना करते हुए देखते हैं तो बेरोजगारी की दर में भारी अंतर दिखाई देता है। गुजरात, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों में बेरोजगारी की दर यह 0.9 से 1.5 प्रतिशत के बीच है, जबकि केरल में 12.5 प्रतिशत है। आर्थिक विकास में वृद्धि के साथ साथ रोजगार के अवसर भी अधिक निर्मित होते हैं।

दृष्टि कोण

# चाय का जायका और कांगड़ा टी

**भारत** में चाय उत्पादन में सबसे ज्यादा योगदान असम का है, उसके बाद पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल एवं अन्य राज्यों का है। भारतीय टी बोर्ड के वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार चाय उत्पादन में असम की हिस्सेदारी 49.39 प्रतिशत है तो पश्चिम बंगाल की 31.10 फीसदी है, तो तमिलनाडु का हिस्सा 12.01 प्रतिशत है और केरल 4.57 प्रतिशत का योगदान करता है, जबकि अन्य राज्यों की हिस्सेदारी महज 2.91 फीसदी की है। भारत में चाय उत्पादन के लिए 6.19 लाख हेक्टेयर जमीन का इस्तेमाल होता है और वर्ष 2023-24 में भारत में चाय का उत्पादन 1382.03 मिलियन किलोग्राम था। वर्तमान समय में चीन, भारत, केन्या और श्रीलंका दुनिया के चार सबसे बड़े चाय उत्पादक देश हैं। ये चारों देश मिलकर दुनिया के कुल चाय उत्पादन का 81 फीसदी हिस्सा पैदा करते हैं। वैश्विक चाय उत्पादन सालाना 18 बिलियन डॉलर से अधिक है। वैश्विक चाय उत्पादन में लगभग 13 मिलियन लोग शामिल हैं। यह अनुमान है कि चार प्रमुख उत्पादक देशों (चीन, भारत, केन्या और श्रीलंका) में, लगभग 9 मिलियन चाय उत्पादक किसान छोटे किसान हैं। यदि वैश्विक चाय की खपत का आकलन करें तो दुनिया भर में सबसे ज्यादा चाय चीन और भारत के लोग ही पीते हैं। एफएओ और टीआईआई के अनुसार चीन में 46.0 फीसदी, भारत में 17.79 प्रतिशत, तुर्किये में 3.83 प्रतिशत, पाकिस्तान में 3.79 और रूस के 2.03 फीसदी लोग चाय पीते हैं। जहां तक कांगड़ा चाय के इतिहास का सवाल है, तो इसकी शुरुआत सन्‌ 1849 से मानी जाती है जब बॉटनिकल टी गार्डन के तत्कालीन अधीक्षक डा. जेम्सन ने इस क्षेत्र को चाय की खेती के लिए उपयुक्त पाया। यहां की चाय को 'कांगड़ा टी' के नाम से जाना जाता है और इसे ज्यादातर ऑर्गेनिक तरीके से उगाया जाता है। भारत के सबसे छोटे चाय क्षेत्रों में से एक होने के कारण कांगड़ा की हरी, देसी, ग्रीन टी और काली चाय की भारी मांग है। विदेशों और भारत से कांगड़ा घूमने आने वाले पर्यटकों द्वारा कांगड़ा चाय की विभिन्न किस्मों को पसंद किया और खरीदा जाता है। बीड़-बैजनाथ, भवारना, पालमपुर और नगरी क्षेत्रों के विशाल चाय बागान और चाय बनाने की फैक्टरियों में चाय निर्माण की प्रक्रिया को नजदीक से विस्तारपूर्वक देखा और समझा जा सकता है। कांगड़ा घाटी की जलवायु, जिसमें दिन के समय गर्मी और रात को ठंडक होती है, चाय के उत्पादन के लिए आदर्श मानी जाती है। इस क्षेत्र की चाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त है और इसे जीआई टैग भी हासिल है, जो इसकी विशिष्टता और गुणवत्ता की गारंटी देता है। भारत में चाय की दिवानगी किसी से छुपी हुई नहीं है और सर्दियों के मौसम में तो इसकी तलब कुछ ज्यादा ही रहती है। प्यार से लेकर इकरार तक में लोग सबसे पहले चाय की चुसकियां लेना पसंद करते हैं। चाय की दुकानों/ढाबों पर राजनीतिक मुद्दे सबसे अधिक सुलझाए जाते हैं, तो वहीं देश-दुनिया की सभी बातों पर चर्चा भी चाय की टपरी पर ही परवान चढ़ती है। प्रतिवर्ष 21 मई का दिन अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में मनाया जाता है। खाद्य और कृषि संगठन के महानिदेशक क्यू डोंग्यू का मानना है कि, 'चाय उद्योग आर्थिक विकास के लिए एक इंजन बन सकता है। यह गरीबी और भूख के खिलाफ हमारी लड़ाई में योगदान दे सकता है और विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों के लिए आय और रोजगार के एक प्रमुख स्रोत का प्रतिनिधित्व करता है।' दुनिया की सबसे महंगी चाय, दा-होंग पाओ चाय की कीमत करीब 9 करोड़ रुपए प्रति किलोग्राम है। पांडा डंग टी, यह चीन से आती है और इसे पांडा के गोबर से खाद के रूप में उगाया जाता है। इसकी कीमत करीब 57 लाख रुपए प्रति किलोग्राम है। गोल्डन पर्ल और मनोहरी गोल्ड चाय असम में उगाई जाती है और इसकी कीमत 99999 रुपए प्रति किलोग्राम है। दुनिया के सबसे मशहूर चाय बेचने वालों में डॉली चायवाला जिनका असली नाम सुनील पाटिल है, इन दिनों खूब मशहूर हैं, वहीं प्रफुल्ल बिल्लोर को एमबीए चाय वाला के नाम से जाना जाता है तथा वे चाय बेचकर 24 साल की उम्र में ही करोड़पति बन चुके हैं। अमूलेक सिंह बिजराल ने साल 2010 में चाय प्वाइंट की शुरुआत की थी और यह भारत का पहला चाय स्टार्टअप है। नितिन सलूजा और राघव वर्मा ने साल 2012 में चायोस की शुरुआत की थी। अनुभव दुबे ने चाय सुट्टा बार की शुरुआत की थी। भारत में चाय उत्पादन में कई समस्याएं हैं जैसे बढ़ती उत्पादन लागत और चाय की स्थिर कीमतें, प्रतिकूल मौसम, वैश्विक चाय अधिशेष, कम श्रमिक उत्पादकता, जलवायु परिवर्तन, कीट रोग, मिलावट, गुणवत्ता में गिरावट और चाय बोर्ड से लंबित सब्सिडी। भारतीय चाय के संवद्र्धन एवं विकास के लिए भारत सरकार ने भारतीय चाय बोर्ड की स्थापना वर्ष 1953 में की थी और इसका मुख्यालय कोलकाता में है। पूरे भारत में इसके 17 कार्यालय हैं। टी बोर्ड मुख्यतः चाय उत्पादन, वितरण और समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तरदायी संस्था है। भारत में चाय उद्योग से संबंधित समस्याओं से निपटने और चाय उद्योग में सुधार के लिए कुछ उपाय किए जाने की जरूरत है जिनमें अनुसंधान एवं विकास पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।

कुछ अलग

# सामाजिक जागरूकता

**हमारे** देश में बाल दिवस भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन यानी 14 नवंबर को मनाया जाता है, लेकिन दुनिया यह दिवस 20 नवंबर को मनाती है। इस साल भी यह दिवस पूरे विश्व में मनाया गया। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने 1954 में की थी। यह दिवस बच्चों से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। 20 नवंबर 1959 में संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने बाल अधिकारों की घोषणा की थी। बाल अधिकारों को चार अलग-अलग भागों में बांटा गया है- जीवन जीने का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार और विकास का अधिकार। बचपन बहुत सारी ऊर्जा लिए, मासूमियत, खेलकूद व शरारतों से भरा होता है। इसी समय में सीखी गई बातें जीवन की नींव बनती हैं। बच्चे का मन कोरी स्लेट की तरह होता है। उन्हें जैसे संस्कार और व्यवहार मिलता है, उसी से उस बच्चे के जीवन में उसका व्यवहार और विचार प्रभावित होते हैं। इसी समय में शारीरिक व मानसिक विकास होता है। इसलिए हर बच्चे को स्वस्थ, समृद्ध व संस्कारपूर्ण बचपन देना उसका अधिकार है। हमारे देश में विश्व बाल दिवस को राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। राष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की देखभाल करने के साथ साथ कई कुरीतियों जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, शोषण, तस्करी करना आदि को रोकना है। आपको कई छोटे-छोटे बच्चे छोटे-बड़े होटलों व ढाबों पर कप-प्लेट उठाते मिल जाएंगे। जिन नन्हें हाथों में किताबें होनी चाहिए थीं, वो नन्हें हाथ चाय के कप धोते नजर आते हैं। इसका एक कारण इन बच्चों की मजबूरियां हैं। इनके समाज का ऐसा माहौल है कि ये बच्चे इतनी कम उम्र में काम करने को मजबूर हो जाते हैं। देश में बाल मजदूरी के खिलाफ कानून सख्त है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया पेंसिल पोर्टल बाल श्रम को खत्म करने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म है। सशक्त विकास योजना के लक्ष्यों में बाल मजदूरी को 2025 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। बालश्रम के विरुद्ध फैक्टरी कानून 1948 में, बाल श्रम (निषेध व नियमन) कानून 1986 में बनाया गया तथा साल 2016 में बदलाव करके इसे और सख्त बनाया गया। हमारा देश शुरुआत से ही बच्चों के अधिकारों, समानता और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसके लिए भारतीय संविधान में सभी बच्चों के लिए कुछ खास अधिकार सुनिश्चित किए गए हैं, जैसे 6 से 14 साल की आयु वाले सभी बच्चों की अनिवार्य और निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 24 में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जोखिम वाले कार्य करने से सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 39 (घ) में आर्थिक जरूरतों की वजह से जबरन ऐसे कामों में भेजना जो बच्चों की आयु के उपयुक्त नहीं है, से सुरक्षा का प्रावधान किया गया है। अनुच्छेद 39 (च) में बालकों को स्वतंत्र और गरिमामय माहौल में स्वस्थ विकास के अवसर और सुविधाएं मुहैया कराने और शोषण से बचाने का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद यह तथ्य है कि आज भी सामाजिक जागरूकता चाहिए।

देश दुनीया से

# जीवन का आनंद

**कहा** जाता है कि चौरासी लाख योनियों का कष्ट भुगतने के बाद हमें मानव रूप में जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। यही कारण है कि ज्यादातर धर्मों में मानव जीवन की बहुत महत्ता गाई गई है और यह कहा गया है कि मानव रूप में परमात्मा का भजन करके जीवन को सफल बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। बहुत से ज्ञानी जन यह मानते हैं कि मनुष्य रूप में भी हमारे कई-कई जन्म होते हैं और जब तक हम शुद्ध होकर परमात्मा में विलीन होने के काबिल नहीं हो जाते, तब तक जन्म-मरण का चक्कर चलता रहता है। ऐसे सभी धर्म और ये ज्ञानी जन इस एक बात पर सहमत हैं कि आत्मा अजर, अमर है और शरीर का नाश होता है, आत्मा न मरती है न उसका नाश संभव है, लेकिन बहुत से अन्य धर्म ऐसे भी हैं जो पुनर्जन्म में विश्वास नहीं करते, वे सिर्फ सात्विक जीवन की बात करते हैं, परमात्मा के भजन की बात करते हैं, समाज सेवा की बात करते हैं, पर पुनर्जन्म को नहीं मानते। शब्द कुछ भी हों, भाव यही होता है। विज्ञान पुनर्जन्म को नहीं मानता। विज्ञान और वैज्ञानिक इस विचार को पूरी तरह से नकारते हैं, और यह सच भी है कि अभी तक पुनर्जन्म के किसी साक्ष्य पर दुनिया भर में वैज्ञानिक ढंग से कोई शोध करके इसकी सच्चाई को सिद्ध नहीं किया जा सका है। यही नहीं, जिन देशों में या जिन धर्मों में पुनर्जन्म की धारणा को नहीं माना जाता, वहां ऐसा कोई ठोस मामला भी कभी सामने नहीं आया जब किसी ने अपने किसी पिछले जन्म का जिक्र किया हो। धार्मिक आस्था वाले लोग और आध्यात्मिक लोग यह कहकर अपना पीछा छुड़ा लेते हैं कि विज्ञान की बहुत सी सीमाएं हैं और विज्ञान कभी भी अध्यात्म की गहराइयों, या यूं कहिए कि अध्यात्म की ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच सकता। प्रसिद्ध मनोचिकित्सक और आज की दुनिया में सर्वाधिक प्रतिष्ठित हिप्नोथेरेपिस्ट, अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लेखक डा. ब्रायन वीज ने पश्चिमी जगत में पुनर्जन्म की धारणा को सच मानने का अभियान चलाया है। उल्लेखनीय है कि वे एक ईसाई हैं और ईसाई धर्म में पुनर्जन्म की धारणा नहीं है। उनका दावा है कि एक मनोचिकित्सक और हिप्नोथेरेपिस्ट के रूप में काम करते हुए अपने मरीजों का इलाज करने के दौरान उन्हें कई अलौकिक अनुभव हुए और उनके मरीजों ने अपने पिछले जीवन की घटनाएं देखीं। परंतु विज्ञान जगत उनके इस दावे से सहमत नहीं है। वैज्ञानिक इस दावे को दिमाग की कल्पना मानते हैं कि कोई व्यक्ति ट्रांस की स्थिति में अपने पिछले जीवन को देख सकता है। डा. ब्रायन वीज एक शिक्षित एवं अनुभवी मनोचिकित्सक हैं, और वे खुद भी यही कहते हैं कि विज्ञान को इस दिशा में काम करना चाहिए। यानी, अभी तक पुनर्जन्म को वैज्ञानिक ढंग से सिद्ध नहीं किया जा सका है। स्वर्गीय लेखक खुशवंत सिंह ने एक बार दलाई लामा का इंटरव्यू किया था। उस बातचीत के दौरान खुशवंत सिंह ने पूछा कि ऐसा क्यों है कि पश्चिमी देशों में, जहां ईसाई धर्म की मान्यता है, वहां कभी किसी व्यक्ति ने अपने पिछले जीवन की दास्तान नहीं सुनाई है, ऐसा क्यों है कि पिछले जीवन की घटनाओं की खबरें सिर्फ उन्हीं देशों से आती हैं जहां पुनर्जन्म की धारणा पर विश्वास किया जाता है। जवाब में दलाई लामा ने जो कहा, उसका सार यह है कि आपका यह कथन सत्य है कि पुनर्जन्म को लेकर जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं, वैज्ञानिक शोध में उनकी सच्चाई सिद्ध नहीं हो सकी है, पर मेरे धर्म में पुनर्जन्म की धारणा है, अतः पुनर्जन्म में मेरी आस्था है और मैं यह मानता हूं कि आप मेरी आस्था पर सवाल नहीं कर रहे हैं। लब्बोलुबाब यह कि पुनर्जन्म आज भी विवाद का विषय है। अगर हम यह मान लें कि पुनर्जन्म नहीं होता, आत्मा नाम की कोई चीज नहीं है, और स्वर्ग-नरक भी कहानियों का विषय है जिसे धर्मावलंबियों ने अपनी दुकान चलाने के लिए गढ़ रखा है, तो भी एक बात से तो कोई इंकार नहीं कर सकता कि हम सब एक सुखी, खुशहाल और खुशियों से भरपूर जीवन जीना चाहते हैं। एक शब्द में कहें तो हम सब 'आनंद' चाहते हैं। अब अगर हम अपने चारों ओर देखें तो हम यह पाते हैं कि कोई भी व्यक्ति सुखी नहीं है, खुश नहीं है, और आज लगभग हर व्यक्ति किसी न किसी संघर्ष से गुजर रहा है और तनाव भरा जीवन जी रहा है। तनाव की स्थिति इतनी भयानक है कि समाज का हर वर्ग इससे ग्रसित है, परेशान है और दुख भोग रहा है। अमीर हो या गरीब, राजा हो या भिखारी, मालिक हो या कर्मचारी, सभी किसी न किसी तनाव से ग्रसित हैं। गलाकाट प्रतियोगिता, आगे बढने की उत्कट चाह, सबसे अलग दिखने की इच्छा, पड़ोसी के सुख में दुखी, क्रोध, ईर्ष्या, डर, ग्लानि आदि से पीड़ित मानव समाज एक ऐसे चक्रव्यूह का शिकार है जिससे निकलने की कोई राह उसे नहीं सूझ रही है। मनोविज्ञान यह मानता है कि कृतज्ञता की भावना, प्रेमपूर्ण दृष्टिकोण, सेवा के कार्य और प्रार्थना से युक्त जीवन हर संकट की रामबाण औषधि है। इन मान्यताओं से वैज्ञानिक भी सहमत हैं। यहां मनोविज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म में कोई विवाद नहीं है। अध्यात्म भी कहता है कि पूजा सिर्फ तभी पूजा है जब हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोडक़र हर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं। हम पूजा करें या न करें, पर यदि हम प्रेममय हो जाएं और किसी का दुख बांट लें, किसी की सहायता कर दें, किसी को मार्गदर्शन दें तो हमें अलौकिक खुशी मिलती है। हमें जो प्राप्त है, उसे ही पर्याप्त मानकर संतुष्ट हों, जीवन के प्रति कृतज्ञ हों तो फिर हम पूजा करें या न करें, हम एक परिपूर्ण और सुखी जीवन जी सकते हैं। यह जीवनशैली अपना लें तो मानसिक रोग नहीं होते और मन हमेशा प्रसन्न-प्रफुल्लित रहता है। अध्यात्म कहता है कि हम दुनियादारी के सारे काम करें, ईर्ष्या, द्वेष और लालच से मुक्त होकर अपनी जिम्मेदारियां निभाएं, फिर हमारा मन ही मंदिर हो जाता है। जब हम सब इस बात पर एकमत हैं कि हम जीवन में आनंद चाहते हैं और यदि हम 'जो प्राप्त है, पर्याप्त है' की धारणा से संतुष्टि भरा जीवन जिएं, अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी से निभाएं, सदा सच ही बोलें और किसी का दिल न दुखाएं तो हम एक स्वस्थ जीवन जीते हुए सदैव आनंदित रह सकते हैं। सवाल यह है कि जब यह इतना आसान है तो लोग इसे अपनाते क्यों नहीं? जवाब यह है कि हम अक्सर उस बात की उपेक्षा कर देते हैं जो सामान्य है, और आसान नजर आता है, तो सबक यही है कि हम इस 'आसान' मंत्र की उपेक्षा न करें, इसे जीवन में उतारें और सचमुच एक आनंद भरा जीवन जीने की राह जरूर प्रशस्त करें।

आप का नजरीया

# लोकतंत्र की यह कैसी पहचान

**तत्ववेत्ता** कहते हैं कि अपने अंदर एक शहर ही नहीं, पूरा ब्रह्मांड खुलता महसूस करो। जब से मुल्क के मसीहाओं ने हमारी नौकरी, रोटी और राहत भरे भविष्य की चिंता छोड़ कर हमें ऐसे तत्व चिंतन से जीवन जीने का संदेश देना शुरू किया है, हमने भी रुख बदल कर पलायन में राहत तलाश शुरू कर दी है। शुरू से सुनते आए थे कि रोटी, रोजी दे न सके, वह सरकार निकम्मी है। जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है। अब बदलने की तो बात ही न कीजिए। आजकल तो बदलने की बात गुनाह है, जिसे देखो वही उम्र भर का सामना करता नजर आता है। पल की खबर नहीं, इसके बारे में न कोई सोचता है, न कोई महसूस करता है। जो एक बार चुनाव जीत जाता है, उसका सपना अपनी गद्दी पर फैवीकोल हो जाने का हो जाता है। अचानक उसके अंदर समाज से अधिक परिवार का दायित्व जाग जाता है। जब तक जियें अपने लिए गद्दी सुरक्षित रखें, उसके बाद बेटे-बेटियां ही नहीं, नाती-पोते भी तो हमारी जिम्मेदारी है। अपने अंदर जो ब्रह्मांड नेता जी खुलता महसूस करते हैं, वह उनके घर के दालान से ही उन्हें खुलता नजर आता है। उन्हें लगता है कि यह निर्विवाद सत्य है कि गरीब के बेटे को गरीब और मजदूर के बेटे को मजदूर रहना है, इसी प्रकार राजा के बेटे को राजा, और नेता के बेटे को नेता रहना है। अब राजे-रजवाड़े तो रहे नहीं, इसलिए वजीरी के सर्वाहितकार इन घरानों में सुरक्षित रहने चाहिए। हम समाजवाद का जितना चाहे राग अलाप लें, राजाओं के घर कभी रंक पैदा नहीं होते। राजपथ अगर उनकी अभीष्ट सडक़ है, तो इस सडक़ को जाने वाली सत्तावन गलियां उनके राजप्रसादनुमा भव्य भवन से ही शुरू होती हैं। देश की 140 करोड़ जनता के लिए एक बरस का जो बजट सरकार बनाती है, उसके बराबर तो देश के एक प्रतिशत की धन-सम्पदा है। ऐसे लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रणाम करके उनकी शोभायात्रा निकालना ही उस 99 प्रतिशत का परम धर्म है। इसी को इस देश में लोकतंत्र की पहचान कहते हैं। यही वह लोकतंत्र है जिसे इस देश का हर आदमी अपने अंदर पिछली पौन सदी से जीता महसूस कर रहा है। सपनों का एक शहर है जो नेता लोग अपने घोषणापत्रों से, भाषणों से उसके अंदर जिंदा करते हैं। इस शहर में न जाने कितने खुल जा सिम-सिम हैं जो उसके अंदर वोट डालने के दिनों में खुल जाते हैं। चार दिन की चांदनी के रूप में न जाने कितने जादुई चिराग हैं, जो मीरे कारवां अपनी शोभायात्राओं से उनके अंदर बांट जाते हैं। लीजिये चार दिन चांदनी के गुजर गए, अब फिर अंधेरी रात पसर गई। अब जितना चाहे 'खुल जा सिम-सिम' कह लो, मंजिल तक ले जाने वाली कोई अंधेरी सुरंग उनके लिए नहीं खुलती। जिंदगी में गड़ा खजाना मिलने की बात उन्हें कैसे कहें, जो पिछली पौनी सदी में कूड़े के डम्प भी अपनी जिंदगी से हटा नहीं पाए। बल्कि अब तो वह डम्प उनकी जिंदगी के पिछवाड़े से सरककर उनकी ड्योढ़ी तक आ गए। उम्मीद थी कि इन सब दिनों में उनकी जिंदगी में तरक्की के सिंह द्वार खुल जाएंगे, लेकिन यह द्वार किसी भूलभलैया में खो गए और रिश्वतखोरी से लेकर दलाली तक को कानून सम्मत बनाने की मांग होने लगी।

# हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री



**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो। इसके लिए राज्य सरकार प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए धन की किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विभागीय अधिकारी योजनाओं को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त बजट का समय पर उपयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे कार्यों तथा बजट घोषणाओं से जुड़े कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर इन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में प्रमुख शासन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी भास्कर ए. सावंत ने मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की प्रगति की जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल के मात्र 11 महीनों में ही जल जीवन मिशन के तहत 10.32 लाख कनेक्शन दिए जा चुके हैं। उन्होंने इस योजना के कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांवों में लगने वाले नलकूपों एवं जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन के लिए आवश्यक विद्युत की व्यवस्था सोलर प्लांट लगाकर की जाए। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में हुए कनेक्शनों के रख-रखाव के लिए स्थानीय ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे कामों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। विभाग आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर जल प्रबंधन को और प्रभावी बनाए। साथ ही, स्थानीय नागरिकों एवं जन प्रतिनिधियों की जल प्रबंधन में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मल्टी स्टोरी इमारतों में जल कनेक्शन के लिए विस्तृत गाइडलाइन तैयार कर उचित कार्रवाई की जाए। शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में रिक्त पदों की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार देना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। अतः विभाग में राजपत्रित, अराजपत्रित, तकनीकी एवं चतुर्थ श्रेणी संवर्ग के रिक्त पड़े 12 हजार से अधिक पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए। उन्होंने 3500 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन एवं अमृत 2.0 सहित विभागीय योजनाओं के तहत पाइपलाइन बिछाने के कार्यों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि आमजन को इससे परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों का जिला कलेक्टरों के स्तर पर निरीक्षण करवाकर विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई जाए और कार्य समाप्ति के तुरंत बाद सड़क की मरम्मत-पुनर्निर्माण करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नवनिर्मित सड़कों तथा सीसी रोड को बिना खोदे पाइपलाइन वैकल्पिक मार्गों से बिछाने का भी प्रयास किया जाए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चल रहे ट्यूबवेल, हैंडपंप एवं टूटी हुई पाइपलाइन के बारे में जानकारी ली तथा अधिकारियों को इस संबंध में सभी लंबित मामलों को तुरन्त निस्तारित कर जनता को राहत देने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण अटकी विभागीय योजनाओं की प्रभावी पैरवी कर उनका भी शीघ्र निस्तारण करवाया जाए। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अवैध कनेक्शनों को चिन्हित कर उन्हें काटा जाए तथा संबंधित व्यक्ति पर जुर्माने सहित अन्य सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध कनेक्शनों के कारण वैध कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है और पानी की बर्बादी भी होती है। उन्होंने कहा कि पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजना आज की जरूरत है। ऐसे में, राज्य सरकार नगरीय एवं औद्योगिक क्षेत्रों में सीईटी एवं एसटीपी का निर्माण एवं संचालन करवाकर पानी का मल्टीयूज कर रही है। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता, मिशन निदेशक जल जीवन मिशन कमर उल जमान चौधरी सहित पीएचईडी, जल जीवन मिशन एवं भूजल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# बिहार के भागलपुर में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**भागलपुर ( हिंस )।** बिहार में भागलपुर जिले के पिरपैंती थाना क्षेत्र के अठिनया दियारा में बीते देर रात हुई अग लगने की घटना में एक ही परिवार के तीन लोग जिंदा जल गये। पुलिस के मुताबिक बीते देर रात गौतम यादव अपने घर में सपरिवार सोया हुआ था। अचानक घर में आग लगने के कारण वह कुछ समझ भी नहीं पाया। आग लगने के कारण गौतम यादव की पत्नी वर्षा देवी (30), पुत्री ज्योति कुमारी (4) और पुत्र आयुष (7) की झुलस कर मौत हो गई। गौतम यादव भी गंभीर रूप से झुलस गया। आग को देखकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाने का प्रयास करने में जुटे। फिर घटना की सूचना पीरपैंती थानाध्यक्ष नीरज कुमार को दी। घटनास्थल पर दमकल की टीम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि रात में बिजली नहीं थी। जिसके कारण घर में मोमबत्ती जलाया गया था। मोमबत्ती से आग फूस के टाटिया में पकड़ लिया। देखते ही देखते घर में रखे मोटरसाइकिल ने आग पकड़ लिया। जिसके बाद बाइक का टंकी बलास्ट हो गया। इस घटना के बाद जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने भयावह रूप ले लिया था। घर के अंदर फंसे लोग बाहर नहीं निकाल पा सके। इस घटना में में दो घर जले हैं। घर में रखे लाखों रुपए के समान को नुकसान हुआ है। ग्रामीण जख्मी गौतम यादव को इलाज के लिए फौरन रेफरल अस्पताल लेकर गए। जहां गौतम यादव की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उधर घटना को लेकर कहलगांव एसडीपीओ 2 अर्जुन कुमार गुप्ता ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

## पंजाब में भाजपा नेता की हत्या

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के सुलतानपुर लोधी में गुरुवार रात कुछ युवकों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्चा के ब्लॉक प्रधान की हत्या कर दी, जबकि बीच बचाव करने में उनके दो साथी घायल हो गए। घायलों को कपूरथला के सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मृतक की भाभी रजनी के अनुसार वह अपने रिश्तेदारों के घर गांव डडविंडी में एक धार्मिक समागम से आए थे। उनका देवर भी साथ आया था। उन्होंने कहा कि खाना बनाकर वह फिर दोबारा से डडविंडी लौट गई। देवर हनी कुमार अपने दोस्त अजय कुमार बंटी और अमन कुमार के साथ बाइक पर लौट रहा था। जिसके कुछ देर बाद गंभीर अवस्था में देवर घायल हालत में दाना मंडी में दोस्त अजय कुमार बंटी और अमन के साथ मिला।

# जालंधर में मुठभेड़ कर पुलिस ने आतंकी लखबीर लांडा गैंग के दो गुर्गे पकड़े

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने जालंधर में मुठभेड़ कर आतंकी गैंगस्टर लखबीर लांडा के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों गैंगस्टरों के अलावा दो पुलिस कर्मी भी घायल हो गए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने जारी जानकारी में बताया कि यह मुठभेड़ शुक्रवार को सुबह हुई है। गिरफ्तार बदमाशों में भीखा नंगल गांव का जसकरण सिंह उर्फ करण और फगवाड़ा का रहने वाला फतेहदीप सिंह उर्फ प्रदीप सैनी शामिल हैं। पुलिस को उनके कब्जे से कुल सात पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। हथियार एक थैले में भरकर रखे हुए थे। घायल हुए पुलिस कांस्टैबपल और दोनों गैंगस्टरों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जालंधर के पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि पकड़े गए दोनों गुर्गे गैंगस्टर हैं और जेल से जमानत पर छूटे थे। जमानत के बाद से विदेश में बैठे लखबीर लांडा के संपर्क में थे। उनके ठीक होने पर इसके बारे में विस्तार से पूछताछ की जाएगी। पुलिस को इनपुट मिला था कि लांडा गैंग के दो साथी थाना सदर के इलाके में मूवमेंट कर रहे हैं। जिसके बाद इंचार्ज रविंदर कुमार के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम उनका पीछा करने में जुट गई। गांव कंगनीवाल में पुलिस ने उन्हें घेर लिया। यह देखकर वह खेतों में घुसकर छुप गए। मुठभेड़ की सूरत में गांव में कोई नुकसान न हो, इसके लिए पुलिस ने ग्रामीणों को पहले अलर्ट कर दिया। उन सभी को अपने घरों के भीतर ही रहने को कहा गया। खेतों से लगा सारा एरिया भी खाली कराया गया। पुलिस की घेराबंदी को देख गैंगस्टरों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसकी चपेट में आकर दो कांस्टैबपल घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से कुछ मिनटों तक ताबड़तोड़ क्रॉस फायरिंग हुई। करीब 50 राउंड फायरिंग हुई। कार्रवाई के दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों गैंगस्टर गोली लगने से घायल हो गए। दोनों तरफ से फायरिंग बंद होने पर पुलिस टीम ने मौके से दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दोनों घायल गुर्गों को खेतों से निकालकर एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

# प्रधानमंत्री के संरक्षण से अडाणी का अवैध व्यापार फला-फूला : डोटासरा



**जयपुर ( हिंस )।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अडाणी मामले को लेकर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। डोटासरा ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री अडाणी के बारे में एक भी शब्द नहीं बोलेंगे। अमेरिकी कोर्ट से अडाणी को समन जारी होने के बावजूद भाजपा की तरफ से सफाई दी गई, जबकि यह काम अडाणी को करना चाहिए था। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा को अडाणी की सफाई देने की क्या जरूरत थी? डोटासरा ने कहा कि देश में हर महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट का ठेका अडाणी को ही दिया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उनका आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडाणी के बीच मिलीभगत के कारण यह व्यापार अवैध रूप से बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी इस मामले की जांच की मांग करती है। दोषी अधिकारियों और नेताओं को जेल में डालने और निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत है। डोटासरा ने कांग्रेस वॉर रूम में गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अडाणी का निवेश कांग्रेस शासन में हुआ था, और निवेश करना अपराध नहीं है। लेकिन निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करना और लोगों को ठगना अपराध है। अमेरिकी कोर्ट में अडाणी से जुड़े दस्तावेजों से यह स्पष्ट हो गया है कि निवेशकों को धोखा दिया गया। रिश्वत देकर महंगी बिजली बेचने की डील का भार आम लोगों पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि सेबी से तथ्य छुपाए गए, और अडाणी के भतीजे से जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज रिश्वतखोरी के सबूत पेश करते हैं। डोटासरा ने गहलोत सरकार के दौरान राजस्थान में अडाणी के निवेश पर उठाए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि किसी उद्योगपति का राज्य में निवेश करना गलत नहीं है। लेकिन रिश्वतखोरी और गड़बड़ी हुई है, तो यह जांच का विषय है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती दी कि केंद्र की डबल इंजन सरकार इस मामले की जांच करवाए। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तो दिल्ली से मिले निर्देशों पर ही बयान देंगे। डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री को विवेक से बोलने के बजाय लिखित बयान देना चाहिए, ताकि अनावश्यक विवाद न खड़ा हो। उन्होंने इस दौरान समरावता की घटना पर भी भाजपा के रवैए की आलोचना की और केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

# हरियाणा में मजबूत विपक्ष, हर वर्ग की उठाएगा आवाज : दीपेंद्र हुड्डा

**रोहतक ( हिंस )।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जो चुनाव नतीजे आए हैं उसने पूरे देश को अचंभित किया है। भाजपा चुनाव को प्रभावित करने के लिए बड़े स्तर पर जो कर सकती थी, उसने किया। बरहाल अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है और नयी सरकार को वो शुभकामनाएं देते हैं कि जनता के हित में काम करे। जनता ने हमारी जो जिम्मेदारी लगाई है उसके तहत सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाते हुए हर वर्ग की आवाज उठायेंगे और हर वर्ग की लड़ाई लड़ेंगे। सच्चाई और ईमानदारी की हार नहीं हो सकती इस भावना से काम करेंगे। शुक्रवार को सांसद दीपेंद्र हुड्डा सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में लोगों ने लगभग बराबर का मत प्रतिशत देकर टक्कर का मजबूत विपक्ष चुना है और हरियाणा के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा विपक्षी दल विधानसभा में भेजा है। अपने जनादेश के माध्यम से लोगों ने हरियाणा की राजनीति में जो संतुलन बनाया है, उसे बीजेपी सरकार नजरंदाज न करे। बीजेपी सरकार के शासनकाल में हरियाणा विकास की पटरी से उतरा है और देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी व अपराध दर हरियाणा में है। प्रदेश में हर रोज गंभीर आपराधिक वारदातों की खबर अखबारों के पन्नों पर छाई रहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार चुनाव के समय जनता से किए वादों को पूरा करे। बीजेपी ने चुनाव के समय महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपए देने, किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदने, दो लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी, पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, हर घर गृहणी योजना तहत पांच सौ रुपए में सिलेंडर देने जैसे तमाम वादे किए लेकिन अब तक उन पर अमल नहीं किया।

## अमन अरोड़ा बने पंजाब आआपा के प्रदेश अध्यक्ष

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी में शुक्रवार को अचानक से बड़ा फेरबदल हुआ है। आम आदमी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्वयं अपने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। इससे पहले भगवंत मान ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे। उन्होंने अक्टूबर माह के दौरान संगठन की मजबूती के लिए बदलाव के संकेत दिए थे। जिसके बाद शुक्रवार को भगवंत मान ने कहा कि कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा को पंजाब में आम आदमी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है, जबकि विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। मान ने कहा कि मुझे अपने दोनों साथियों पर पूरा विश्वास है कि वे आने वाले समय में पार्टी और संगठन को पंजाब में मजबूत करेंगे और नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे।

# दिव्यांग बच्चों को मिलना चाहिए समानता का अधिकार : मुख्य न्यायाधीश



**जोधपुर ( हिंस )।** बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित बाल परामर्श एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में आधारभूत सतत् नवीन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनीन्द्र मोहन श्रीवास्तव थे। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण की दिशा में काम करने वाले बच्चों के अभिभावक बनकर काम करें। बच्चों के लिए काम करते समय अधिकारी या कर्मचारी होने का भाव छोडना़ होगा। दिव्यांग बच्चों के लिए उन्होंने कहा कि इन्हें समानता का अधिकार मिलना चाहिए और पूर्ण मनोयोग से इनके लिए सेवा भाव से काम करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग ने रामायण का दृष्टांत देते हुए कहा कि हम सभी को रामसेतु के निर्माण में जिस प्रकार से गिलहरी ने अपना योगदान दिया, उसी प्रकार से अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चों के लिए सेवा भाव से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय पोक्सो कमेटी की अध्यक्ष न्यायाधिपति रेखा बोराणा रही। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के वरिष्ठ सलाहकार राकेश कुमार चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश संदीप मेहता के निर्देश से बाल परामर्श एवं कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ दो वर्ष पूर्व हुआ था। केंद्र में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को सक्षम बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं। बालिका गृह एवं नारी निकेतन की आवासिनियों के साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों में निवासरत बालिकाओं के लिए मन सोसाइटी द्वारा म्यूजिक क्लास, जियो और जीने दो संस्था द्वारा सिलाई प्रशिक्षण एवं सिलाई मशीन रिपेयरिंग, महिला शक्ति आत्मरक्षा केंद्र, पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा सेल्फ डिफेंस, सॉफ्टटेक एजुकेशन सोसाइटी द्वारा कंप्यूटर लिटरेसी कोर्स का शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायाधिपतियों द्वारा रिबन काटकर किया गया। कार्यक्रम में नेत्रहीन विकास संस्थान की दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मास्टर ट्रेंनर शारदा पूनिया, निर्मला चौधरी एवं सुशीला चौधरी के निर्देशन में सेल्फ डिफेंस एक्टिविटी को प्रदर्शित किया। अतिथियों द्वारा समाजसेवी योगेश लोहिया का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्वेता देवड़ा द्वारा निर्मित शॉर्ट फिल्म द स्पेशल स्टार रिलीज की गई। अतिथियों का स्वागत जिला बाल संरक्षण इकाई जोधपुर के निदेशक डॉ. बीएल सारस्वत सहायक ने किया। आभार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक मनमीत कौर ने व्यक्त किया।

## रांग साइड से आ रही कार को डंपर ने मारी टक्कर, कार सवार सभी पांच युवकों की मौत

**उदयपुर ( हिंस )।** सुखेर थाना क्षेत्र के अंबेरी में डंपर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार पर सवार सभी पांच युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने डंपर को जब्त कर लिया है। थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि कार में देलवाड़ा राजसमंद निवासी हिम्मत खटीक (32), उदयपुर के बेदला निवासी पंकज नगारची (24), खारोल कॉलोनी निवासी गोपाल नगारची (27), सीसारमा निवासी गौरव जीनगर (23) के अतिरिक्त एक अन्य व्यक्ति सवार था। ये अंबेरी से रांग साइड में देबारी की तरफ जा रहे थे। तभी अचानक सामने से डंपर आ गया। ढलान होने की वजह से डंपर रफ्तार में था। डंपर के ड्राइवर ने कार को बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे जगह नहीं मिली जिससे डंपर की कार से टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया।

## छत से गिरकर इंजीनियर की मौत

**भागलपुर ( हिंस )।** जिले के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के आनंदपुर स्थित प्रोफेसर कॉलोनी के ठीक पीछे शुक्रवार को पहली मंजिल से गिरने से एक इंजीनियर की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि इंजीनियर मोहम्मद राशिद (42) अपने नए मकान के छत पर चढ़कर दीवाल में पानी दे रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया। इसके बाद जमीन पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां काम कर रहे मजदूरों ने उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मरने वाले की पहचान आशानंदपुर निवासी मोहम्मद राशिद के रूप में की गई है। वह इधर, घटना के बाद से परिजन ने चुप्पी साध लिया। मामले को लेकर साथी राज मिस्त्री मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि दीवाल में पानी देने के दौरान इंजीनियर साहब पहली मंजिल से नीचे गिर गए। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यालय पुलिस मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गई है। मृतक के परिजन पत्रकारों को खबर कवरेज करने से भी रोका। इस दौरान पत्रकारों से कहासुनी भी की गई। हालांकि घटना के बाद से परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

# पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए संघर्ष करने वाले पांच विभूतियों को मिला शंकर लाल स्मृति सम्मान



**महोबा ( हिंस )।** बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के जनक स्वर्गीय शंकर लाल मेहरोत्रा की 23 वीं पुण्यतिथि पर बुंदेली समाज के द्वारा शुक्रवार को बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के योद्धाओं को शंकर लाल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह व बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री दिनेश भार्गव समेत पांच लोगों को शंकर लाल मेहरोत्रा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया है। पृथक बुंदेलखंड राज्य का सपना भले ही अभी अधूरा है लेकिन इसके लिए आंदोलन की नीव रखने वाले शंकर लाल मेहरोत्रा के प्रयासों को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। जिन्होंने बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के लिए अपना सब कुछ निछावर कर दिया था। शंकर लाल मेहरोत्रा का जन्म 9 मार्च 1948 को बुंदेलखंड के झांसी के प्रतिष्ठित कारोबारी सुंदरलाल मेहरोत्रा के घर हुआ था। 17 सितंबर 1989 को बुंदेलखंड राज्य आंदोलन को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित धवर्रा से शुरू किया था। जो कि धीरे धीरे जन आंदोलन बनता जा रहा है। सन 2000 में देश में तीन नए राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड व उत्तराखंड तो बनाए गए। लेकिन बुंदेलखंड राज्य का सपना अधूरा ही रह गया। जिसके बाद इसी सदमे में 22 नवंबर 2001 को शंकरलाल का निधन हो गया था। स्वर्गीय शंकर लाल मेहरोत्रा ने जिस लौ को प्रज्ज्वलित किया वह आज भी रोशन है। आज शुक्रवार को उनकी 23 वीं पुण्यतिथि पर बुंदेली समाज के द्वारा बुंदेलखंड राज्य की लड़ाई लड़ने वाले बुंदेलियों को सम्मानित किया गया है। जिनमें उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह, बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महामंत्री दिनेश भार्गव, बुंदेली सेना के संयोजक डॉ. आश्रय सिंह, बुंदेलखंड राज्य निर्माण समिति के अध्यक्ष रमेश दुबे, दिल्ली में रहकर प्रवासी बुंदेलखंड वासियों के लिए काम कर रहे प्रवासी बुंदेलखंड संगठन के दीनदयाल प्रजापति,पूर्व सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल आदि को शंकर लाल मेहरोत्रा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया है। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि 1994 में मध्य प्रदेश विधानसभा और 1995 में लोकसभा में पर्चे फेंक कर शंकरलाल मेहरोत्रा ने बुंदेलखंड राज्य की प्रखर मांग की थी। सन 1995 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने नौ साथियों सहित शंकर लाल को गिरफ्तार करवा दिया था। जिन्हें बाद में विपक्ष के नेता नेता अटल बिहारी वाजपेई ने छुड़वाया था। आंदोलन के लिए धन की कमी पढ़ने लगी तो इन्होंने नौगांव में संचालित अपनी डिस्टिलरी फैक्ट्री बेंच दी और आंदोलन को गति देने के लिए पूरे बुंदेलखंड में सभाए धरना प्रदर्शन शुरू करवाया।

# बदलते मौसम में बुखार के खतरे से रहें सतर्क : सिविल सर्जन



**किशनगंज ( हिंस )।** सर्दियों की शुरुआत के साथ ही बच्चों और बुजुर्गों में बुखार, खासकर मियादी बुखार या टाइफाइड के मामले बढ़ सकते हैं। शुक्रवार को सिविल सर्जन डा. राजेश कुमार ने कहा कि मियादी बुखार दूषित पानी और भोजन से फैलता है, जिससे साल्मोनेला टाइफी नामक जीवाणु शरीर में प्रवेश करता है। यह किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह अधिक हानिकारक हो सकता है। बुखार जैसे लक्षणों के प्रति समय पर सजग होकर, समय से उपचार कर इस संक्रमण को गंभीर होने से बचाया जा सकता है। डा. राजेश कुमार बताते हैं कि मियादी बुखार के लक्षण कोरोना संक्रमण जैसे हो सकते हैं। इसमें लगातार तेज बुखार (103-104 डिग्री), कमजोरी, पेट और सिर दर्द, भूख में कमी, त्वचा पर चकत्ते या गुलाबी धब्बे शामिल हैं। लक्षण दिखने पर बुखार एक सप्ताह या उससे अधिक समय तक रह सकता है। इस बीमारी में लापरवाही से मरीज को बेहोशी भी हो सकती है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से घातक साबित हो सकता है। ऐसे में समय रहते चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें। उन्होंने कहा कि मियादी बुखार दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के सेवन से होता है। इससे बचाव के लिए आस-पास की सफाई पर ध्यान दें और खाने-पीने का सामान ढक कर रखें। बिना ढका या दूषित भोजन न खाएं और मियादी बुखार से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से बचें। यह संक्रमण गंदगी और दूषित जल के जमाव से फैल सकता है, इसलिए स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध पेयजल और पौष्टिक आहार आवश्यक हैं। कोरोना महामारी के बाद यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि संतुलित आहार से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। डॉ. कुमार सलाह देते हैं कि बच्चों के भोजन में हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध और डेयरी उत्पाद, अंडा, मांस, मछली, और अंकुरित अनाज को शामिल करें। इसके अलावा, विटामिन-सी युक्त खट्टे फल जैसे नींबू और संतरा का सेवन भी करें। मियादी बुखार में शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इसलिए शुद्ध पेयजल, नारियल पानी, और नींबू पानी जैसे प्राकृतिक पेय पदार्थों का नियमित सेवन करें।




# जिंका लॉजिस्टिक्स ने लिस्टिंग से निवेशकों को किया निराश, बिकवाली के दबाव में टूटे शेयर


नई दिल्ली

ट्रक ऑपरेटरों को ब्लैकबक ट्रेड नेम से डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने वाली कंपनी जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस के शेयर लगभग 3 प्रतिशत प्रीमियम के साथ शेयर बाजार में लिस्ट हुए। हालांकि लिस्टिंग के तुरंत बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों की खुशी थोड़ी ही देर में खत्म हो गई। बिकवाली के दबाव के कारण ये शेयर 3 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच कंपनी के शेयर 8.85 रुपये यानी 3.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 264.15 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 273 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इसकी लिस्टिंग 279.05 रुपये के स्तर पर हुई, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर इस शेयर ने 280.90 रुपये के स्तर पर लिस्ट होकर दस्तक दी थी। जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस का 1,114.72 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 से 18 नवंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। ये आईपीओ ओवरऑल 1.87 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.72 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में भी 2.72 गुना सब्सक्रिप्शन आया था, जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.70 गुना और एम्पलाइज के लिए रिजर्व पोर्शन 9.86 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत कंपनी ने 550 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए हैं। इसके अलावा 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 2,06,85,800 शेयर की ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बिक्री की गई है। नए शेयर से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी एनबीएफसी सब्सिडियरी ब्लैकबक फिनसर्व में निवेश करने, प्रोडक्ट डेवलपमेंट करने, सेल्स और मार्केटिंग नेटवर्क को मजबूत करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### केन्या सरकार ने अडानी ग्रुप के प्रोजेक्ट्स को रद्द करने का ऐलान किया, अडानी समूह के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप का मामला



**नई दिल्ली।** केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने अडानी ग्रुप से जुड़ी दो प्रमुख परियोजनाओं को रद्द करने की घोषणा की। यह कदम अमेरिकी अदालत द्वारा गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद उठाया गया है। उन पर भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने का आरोप है। पहला केन्या के मुख्य हवाई अड्डे के विस्तार के लिए खरीद प्रक्रिया थी, जबकि दूसरा पावर ट्रंसमिशन लाइनों के निर्माण के लिए 700 मिलियन डॉलर का ऊर्जा सौदा था, जिस पर पहले ऊर्जा मंत्रालय ने अडानी समूह की सहायक कंपनी के साथ हस्ताक्षर किए थे। बिजनेसमैन गौतम अडानी पर अमेरिकी कोर्ट ने भारत में सोलर कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए मन मुताबिक शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपए) की रिश्वत देने का आरोप लगाया है। भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अडानी तथा उनके भतीजे सागर अडानी सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। अडानी समूह ने 2021 में स्थानीय रूप से विनिर्मित सौर सेल और मॉड्यूल आधारित संयंत्रों का उपयोग करके उत्पन्न 8,000 मेगावाट (आठ गीगावाट) बिजली की आपूर्ति के लिए बोली जीती थी, लेकिन समूह बिजली खरीदने वाली राज्य सरकारों की मूल्य अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका। अमेरिकी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों में अडानी पर रिश्वत देने और प्रतिभूति धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसमें न्यूयॉर्क की एक अदालत में अमेरिकी न्याय विभाग की तरफ से दायर एक आपराधिक मामला है।

### एचएमएसआई सीआरएफ1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयां वापस मंगाएगी

**नई दिल्ली ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने कहा कि वह थ्रॉटल ऑपरेशन



(इंजन) से जुड़ी समस्याओं को ठीक करने के लिए सीआरएफ1100 अफ्रीका ट्विन की कुछ इकाइयों को वापस मंगा रही है। कंपनी ने कहा कि स्वैच्छिक वापसी वैश्विक बाजार की कार्रवाई के अनुरूप है। यह निर्देश फरवरी, 2022 और अक्टूबर, 2022 के बीच बनीं इस रोमांचक मोटरसाइकिल की कुछ इकाइयों को प्रभावित करेगा। एचएमएसआई ने कहा कि कंपनी ने मोटरसाइकिल की इंजन संबंधी एक खामी की पहचान की है। इसमें कहा गया है कि एक्सीलरेशन के दौरान, पहिया नियंत्रण प्रणाली अप्रत्याशित रूप से सक्रिय हो सकती है, जिससे कुछ मामलों में संतुलन बिगड़ सकता है। एचएमएसआई ने कहा कि सुधारात्मक उपाय के रूप में होंडा प्रभावित मोटरसाइकिलों में ईसीयू सॉफ्टवेयर को सही प्रोग्रामिंग के साथ अपडेट करेगी। बयान में कहा गया है कि वाहन की वारंटी स्थिति पर ध्यान दिए बिना यह कार्य नि: शुल्क किया जाएगा ।

### केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने जर्मन कंपनियों को भारत में निवेश के लिए किया आमंत्रित, भारत में लगभग हर क्षेत्र में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जर्मन कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि यह एक विश्वसनीय साझेदार है जो राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता प्रदान करता है। हाल ही में स्टटगार्ट में टीवी9 ग्लोबल समिट में वैष्णव ने कहा कि भारत लगातार छह से आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है और आने वाले कई वर्षों तक इस गति को जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अपनी आपूर्ति शृंखला में भारत को शामिल करने पर विचार करें। भारत में लगभग हर क्षेत्र में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं। हम आईटी में विश्व-प्रसिद्ध क्षमताओं के साथ प्रतिभाओं का एक विशाल पूल प्रदान करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी सरकार की सफलता इस तथ्य में झलकती है कि अच्छी अर्थव्यवस्था अच्छी राजनीति भी बना सकती है। जबकि कई लोकतांत्रिक देशों को उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है, भारत एक भरोसेमंद भागीदार बना हुआ है, जो राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता दोनों प्रदान करता है। वैष्णव ने कहा कि भारत का बहीखाता बहुत अच्छा है, कर्ज जीडीपी का 57 प्रतिशत है, जो अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कर्ज के स्तर से काफी कम है। उन्होंने कहा कि यह सफलता कोई संयोग नहीं है।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार



नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स सपाट स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार हो रहा है। दिसंबर के महीने में ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा। इस उत्साह की वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,948.43 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,973.14 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 43,861.14 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,149.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.21 प्रतिशत उछल कर 7,213.32 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 141.39 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,146.17 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। हैंग सेंग इंडेक्स 241.66 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 19,359.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1 प्रतिशत फिसल कर 3,336.93 अंक के स्तर तक लुढ़क गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,439.54 अंक के स्तर पर बना हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 149.50 अंक यानी 0.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,516.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 310.85 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,337.02 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स ने जोरदार छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 380.67 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछल कर 22,936.33 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,505.47 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,201.07 अंक के स्तर पर और स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 3,741.84 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन सोने के भाव में तेजी, चांदी की भी बढ़ी चमक



नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में सोना लगातार तीसरे दिन महंगा हुआ है। इस चमकीली धातु की कीमत में 300 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 78,100 रुपये से लेकर 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,600 रुपये से लेकर 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। सोने की तरह चांदी के भाव में भी तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 77,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# जेप्टो ने घरेलू वित्तपोषण चरण में जुटाए 35 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली

त्वरित वाणिज्य कंपनी जेप्टो ने शुक्रवार को घोषणा की है कि वह अपने हालिया वित्तपोषण (फंडरेजिंग) दौर में 35 करोड़ डॉलर जुटाएगा। कंपनी ने इसे भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर 100 प्रतिशत घरेलू वित्तपोषण जुटाने का प्रतीक बताया है। इस चरण में भारतीय एचएनआई, पारिवारिक कार्यालय और अग्रणी वित्तीय संस्थानों से निवेश शामिल हैं। इस वित्तपोषण दौर का नेतृत्व विशेष रूप से मोतीलाल ओसवाल के प्राइवेट वेल्थ डिवीजन द्वारा किया गया। इस वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शामिल हुए। जेप्टो ने कहा कि यह दौर परिवर्तनकारी स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिए भारतीय निवेशकों की बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जेप्टो ने कहा कि यह ऐतिहासिक वित्तपोषण ऐसे समय में हुआ है जब भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू स्तर पर संचालित वृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रही है। जेप्टो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जब हमने यह उद्यम शुरू किया था, तो घरेलू




**वित्तपोषण अभियान में कई पारिवारिक कार्यालयों और निवेशक शामिल हुए**

निवेशकों में जोखिम उठाने की क्षमता सीमित थी, खासकर 18 साल के युवाओं पर भरोसा करने की। हम भारत की आर्थिक वृद्धि में एक ऐसे स्थान पर पहुंचकर गौरवान्वित हैं, जहां हमने न केवल उस भरोसे को बढ़ावा दिया है, बल्कि इस परिमाण के धन जुटाने का भी नेतृत्व किया है। उम्मीद है कि आने वाले स्टार्टअप के लिए यह एक मिसाल कायम करेगा।

# बीएमडब्ल्यू इंडिया 1 जनवरी से अपने सभी मॉडलों की कीमत तीन फीसदी तक बढ़ाएगी

नई दिल्ली

**जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू की भारतीय इकाई बीएमडब्ल्यू इंडिया ने अपने सभी मॉडलों की कीमत में तीन फीसदी तक इजाफा करने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि नई दरें एक जनवरी, 2025 से प्रभावी होंगी।**




कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि उसके सभी मॉडलों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी। बीएमडब्ल्यू इंडिया ने कहा कि नई दरें 1 जनवरी, 2025 से लागू होगी। हालांकि, कंपनी ने उन कारणों के बारे में विस्तारपूर्वक नहीं बताया है, जिनकी वजह से उसकी कार की कीमतों में बढ़ोतरी करने की जरूरत पड़ी है।

बीएमडब्ल्यू इंडिया की स्थानीय तौर पर निर्मित कारों की रेंज में 2-सीरीज ग्रैन कूप, 3-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, 5-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, 7-सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस, एक्स1, एक्स3, एक्स5, एक्स7 और एम340आई शामिल हैं। कंपनी पूर्ण निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आई4, आई5, आई7, आई7 एम70, आईएक्स1, बीएमडब्ल्यू आईएक्स, जेड4 एम40आई, एम2 कूप जैसे मॉडल भी बेचती है। उल्लेखनीय कि पिछले हफ्ते मर्सिडीज-बेंज ने इनपुट लागत में वृद्धि और उच्च परिचालन व्यय का हवाला देते हुए एक जनवरी, 2025 से भारत में अपने सभी मॉडलों की कीमतों में तीन फीसदी तक बढ़ोतरी करने की घोषणा की थी। भारत में मर्सिडीज-बेंज कारों की कीमतें जीएलसी के लिए दो लाख रुपये से लेकर शीर्ष मर्सिडीज-मेबैक एस 680 लग्जरी लिमोसिन के लिए 9 लाख रुपये तक बढ़ जाएंगी।

# वित्त आयोग ने कर्नाटक ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 448.29 करोड़ का अनुदान जारी

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कर्नाटक में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त के रूप में 448.29 करोड़ रुपये जारी किए हैं। ये धनराशि राज्य की सभी 5,949 पात्र ग्राम पंचायतों के लिए है। पंचायती राज मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि केंद्र सरकार, पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) के माध्यम से राज्यों में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान जारी करने की अनुशंसा करती है, जिसे वित्त मंत्रालय बाद में जारी करता है। मंत्रालय ने कहा कि आवंटित अनुदान की अनुशंसा की जाती है, जिसे वित्त वर्ष में 2 किस्तों में जारी किया जाता है। मंत्रालय ने कहा कि संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में निहित 29 विषयों के तहत, वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी)




द्वारा स्थान-विशिष्ट जरूरतों के लिए अप्रयुक्त अनुदान का उपयोग किया जाएगा। इन प्रयुक्त अनुदान का उपयोग (ए) स्वच्छता और ओडीएफ स्थिति के रखरखाव की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जा सकता है, इसमें घरेलू अपशिष्ट का प्रबंधन और उपचार और विशेष रूप से मानव मल और मल प्रबंधन और (बी) पेयजल आपूर्ति, वर्षा जल संचयन तथा जल पुनर्चक्रण शामिल होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई)/ ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को 15वें वित्त आयोग के अनुदान प्रदान करके ग्रामीण स्वशासन को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है। यह निधि स्थानीय शासन निकायों को अधिक प्रभावी, जिम्मेदार और स्वतंत्र बनाने में मदद करती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सतत और स्थायी प्रगति होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के दृष्टिकोण का अनुसरण करते हुए यह पहल सभी को लाभ पहुंचाने वाले विकास को बढ़ावा देती है और लोगों की भागीदारी को प्रोत्साहित करती है। ये स्थानीय निकाय भारत के विकास की कुंजी हैं और विकसित भारत के निर्माण में मदद कर रहे हैं।




# यूएसपीएल 3 में जलवा बिखेरंगे सौरभ नेत्रवलकर, उन्मुक्त चंद, रहकीम कॉर्नवाल और ड्वेन स्मिथ जैसे क्रिकेटर

फ्लोरिडा

यूएसए के क्रिकेटर उन्मुक्त चंद और सौरभ नेत्रवलकर, वेस्टइंडीज के ड्वेन स्मिथ और रहकीम कॉर्नवाल शुक्रवार से फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में शुरू हो रहे यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 में शामिल होने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में से हैं। यूएसपीएल का तीसरा सीज़न भी इन खिलाड़ियों की तरह बड़ा और बेहतर होने वाला है। इसमें भाग लेने वाली कैरोलिना ईगल्स, अटलांटा ब्लैककैप्स, कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स, मैरीलैंड मावेरिक्स, न्यू जर्सी टाइटन्स, न्यूयॉर्क काउबॉय जैसी सभी 6 फ्रेंचाइजी ट्रॉफी के लिए मैदान पर खूब पसीना बहा रही हैं।

शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) से शुरू हो रहे क्रिकेट के इस महाकुंभ का पहला मुकाबला कैरोलिना ईगल्स और कैलिफ़ोर्निया गोल्डन ईगल्स के बीच खेला जाएगा, जबकि इसी दिन के दूसरे मैच में मैरीलैंड मावेरिक्स और अटलांटा ब्लैककैप्स की भिड़ंत देखने को मिलेगी।

अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए मशहूर ड्वेन स्मिथ मैरीलैंड मेवरिक्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि हार्ड-हिटिंग ऑलराउंडर रहकीम कॉर्नवाल अटलांटा ब्लैककैप्स के कप्तान हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के दौरान अपनी छाप छोड़ने वाले सौरभ नेत्रवलकर न्यू जर्सी टाइटन्स के लिए खेलेंगे, जबकि पूर्व भारतीय अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान उन्मुक्त चंद कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स टीम का हिस्सा होंगे।

सीज़न 3 की पूर्व संध्या पर यूएसपीएल के संस्थापक और अध्यक्ष जयदीप सिंह ने कहा कि, यूएसपीएल सीजन 3 क्रिकेट का उत्सव है, जो वैश्विक प्रतिभाओं और स्थानीय सितारों को अमेरिका में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ लाता है। हम इस सीजन को खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उद्घाटन मैच से पहले अपनी भावनाएं जताते हुए वेस्टइंडीज के बेहतरीन ऑलराउंडर रहकीम कॉर्नवाल ने कहा, अटलांटा ब्लैककैप्स का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह बेहतरीन खिलाड़ियों की टीम है और हमें टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार है। पिछले सीजन में हम सेमीफाइनल में पहुंचे थे और मुझे लगता है कि निश्चित तौर पर इस बार ट्रॉफी हमारी ही होगी।

लीग के प्रत्येक दिन में ट्रिपल-हेडर मुकाबले होंगे ताकि प्रशंसकों को रोजाना एक्शन से भरपूर क्रिकेट देखने को मिले।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ईडन गार्डन्स में झूलन के नाम पर बनेगा स्टैंड



**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने कहा है कि अब ईडन गार्डन्स में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक स्टैंड बनेगा। कैब के अनुसार ये स्टैंड 'बी ब्लॉक में बनाया जाएगा। इससे पहले झूलन के सम्मान में 'बी ब्लॉक का नाम बदलने का प्रस्ताव कैब की शीर्ष संस्था के समक्ष रखा गया था जिसे स्वीकार कर लिया गया। अब अगले साल 22 जनवरी को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टी20 मैच के दौरान इस स्टैंड का अनावरण होगा। इस महिला क्रिकेटर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। अभी ईडन गार्डन्स में अभी पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और दिवंगत पंकज रॉय के अलावा पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष दिवंगत जगमोहन डालमिया और विश्वनाथ दत्त के नाम पर स्टैंड हैं जिसमें अब झूलन का नाम भी जुड़ जाएगा। गोस्वामी ने अपने करियर के दौरान 12 टेस्ट मैचों में 44 विकेट लिए जबकि 204 एकदिवसीय मैच में उनके नाम 255 विकेट लिए और 68 टी20 मैच में 56 विकेट हैं।

### पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन हो गया है। नजीर जूनियर के नाम से मशहूर नजीर का लंबी बीमारी के बाद लाहौर में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 14 टेस्ट और चार वनडे मैच खेले। उन्हें सबसे ज्यादा याद अक्टूबर 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में की गई शानदार पारी के लिए किया जाता है। कराची में एक ऐसी पिच पर खेलते हुए जो शुरू से ही स्पिन लेती थी, नजीर ने अपनी पहली पारी में 99 रन देकर 7 विकेट चटकाए। इसके अलावा, उन्होंने बल्ले से नाबाद 29 रन बनाए और दूसरी पारी में भी 17 रन बनाकर नाबाद रहे। टेस्ट मैच ड्रॉ रहा, लेकिन यह एक महत्वपूर्ण मैच साबित हुआ, क्योंकि यह महान हनीफ मोहम्मद का आखिरी टेस्ट था, और उनके छोटे भाई सादिक का पहला। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा, पीसीबी की ओर से मैं हमारे पूर्व टेस्ट क्रिकेटर मोहम्मद नजीर के निधन पर अपनी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं। हम अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और उनके दोस्तों और परिवार के साथ दुख साझा करते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। घरेलू स्तर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, नजीर ने अपनी पहली सीरीज के बाद नवंबर 1980 तक केवल एक और टेस्ट खेला, जब उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में खेलने के लिए चुना गया। यह एक और उच्च बिंदु था; उन्होंने सीरीज में तीन बार विव रिचर्ड्स को आउट किया, जिसमें दो बार बोल्ड भी शामिल थे। हालांकि, फैसलाबाद में दूसरे टेस्ट में, नजीर को सिल्वेस्टर क्लार्क ने एक ओवर में लगातार तीन छक्के मारे। उस ओवर में उन्होंने 22 रन दिए जो उस समय का टेस्ट रिकॉर्ड था। वेस्टइंडीज के खिलाफ चार टेस्ट में 16 विकेट लेने के बावजूद, नजीर को फिर से बाहर कर दिया गया और लगभग तीन साल बाद भारत में एक सीरीज में उनकी वापसी हुई।



### भारत के खिलाफ मैच के लिए प्रधानमंत्री एकादश टीम में शामिल हुए बोलैंड, कोंस्टास, रेनशॉ

**मेलबर्न।** स्कॉट बोलैंड कैनबरा में भारत के खिलाफ दो दिवसीय गुलाबी गेंद मैच में प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलेंगे, ताकि टेस्ट श्रृंखला के दौरान जरूरत पड़ने पर वह खुद को मैच के लिए तैयार रख सकें। सैम कोंस्टास, जिन्होंने भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेला था, मैट रेनशॉ के साथ खेलेंगे, जिन्हें इस साल की शुरुआत में रिजर्व टेस्ट बल्लेबाज होने के बावजूद उस सीरीज के लिए नजरअंदाज कर दिया गया था। न्यू साउथ वेल्स के ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स टीम का नेतृत्व करेंगे। 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक होने वाले मैच के लिए राज्य टीम के साथी ओली डेविस उनके साथ होंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, प्रधानमंत्री एकादश का मैच बेहद प्रतिभाशाली टीम के लिए दूसरे टेस्ट से पहले गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले एकमात्र मैच में मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ प्रभावित करने का अवसर प्रदान करता है। हम टेस्ट टीम के हिस्से के रूप में स्कॉट बोलैंड की मैच फिटनेस को बनाए रखने के अवसर का उपयोग कर रहे हैं।



## पर्थ टेस्ट पहला दिन

# भारतीय तेज गेंदबाजों ने दिलाई भारत को बेहतरीन वापसी, ऑस्ट्रेलिया ने 67 रन पर खोए 7 विकेट

पर्थ

**तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने यहां पर्थ में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में शानदार वापसी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने पर केवल 67 रनों पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिये। दिन का खेल खत्म होने पर एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टॉर्क 6 रन बनाकर नाबाद हैं। पहली पारी के आधार पर भारत अभी भी 83 रन आगे है। भारतीय टीम पहली पारी में केवल 150 रनों पर सिमट गई थी।**



150 रनों पर ऑल आउट होने के बाद लग रहा था कि भारतीय टीम मैच में पिछड़ जाएगी, लेकिन कप्तान जसप्रीत बुमराह के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों ने भारतीय टीम को बेहतरीन वापसी दिलाई।

### बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ढहाया

जसप्रीत बुमराह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने केवल 19 रनों के कुल स्कोर पर नाथन मेकस्विनी (10), उस्मान ख्वाजा (08) और स्टीवन स्मिथ (00) को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद हर्षित राणा ने 31 के कुल स्कोर पर ट्रैविस हेड (11) को बोल्ड कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। सिराज ने 38 के कुल स्कोर पर मिचेल मॉर्श को स्लीप में केएल राहुल के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया।

### भारत की पहली पारी 150 रनों पर सिमटी

इससे पहले मैच में भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पूरी टीम केवल 150 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से नीतीश रेड्डी ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। नीतीश के अलावा ऋषभ पंत ने 37 और केएल राहुल ने 26 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4, मिचेल स्टॉर्क, पैट कमिंस और मिचेल मॉर्श ने 2-2 विकेट लिए।

47 के कुल स्कोर पर सिराज ने मार्नस लाबुशेन (02) को एलबीडब्ल्यू कर मैच में अपना दूसरा विकेट लिया और भारत को छठी सफलता दिलाई। 59 के कुल स्कोर पर जसप्रीत बुमराह ने पैट कमिंस को (03) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका दिया। मैच में बुमराह का यह चौथा विकेट था। इसके बाद कैरी (नाबाद 19) स्टॉर्क (नाबाद 06) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 67 रन बनाए। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, मोहम्मद सिराज ने 2 और हर्षित राणा ने 1 विकेट लिया।

# अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ ने डब्ल्यूएसकेएल 2025 को दी मंजूरी

WORLD SUPER KABADDI LEAGUE

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने आधिकारिक तौर पर विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) 2025 के आयोजन की अनुमति दे दी है। लीग का आयोजन दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ (एसईएकेएफ) और थाईलैंड कबड्डी एसोसिएशन मिलकर करने जा रहा है। आईकेएफ ने डब्ल्यूएसकेएल की आयोजक संस्था एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को एक बधाई देते हुए एक नोट जारी किया, जिसमें कबड्डी के प्रति उनके समर्पण और दृष्टिकोण की सराहना की गई है। उन्होंने कहा, कबड्डी लीग शुरू करना छोटी बात नहीं है, इसके लिए न केवल खेल की गहरी समझ की आवश्यकता है, बल्कि इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने के लिए असाधारण कौशल और प्रतिबद्धता भी बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, आपके प्रयास युवा एथलीटों को प्रेरित करेंगे और कबड्डी के विकास और लोकप्रियता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डब्लूएसकेएल में आईकेएफ सदस्य देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे। मैदान पर आने से पहले खिलाड़ियों की नीलामी की जाएगी, जिससे न केवल खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि उनको प्रोत्साहन मिलने के साथ ही लीग को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट का दर्जा भी प्राप्त होगा। दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी फेडरेशन (एसईएकेएफ) ने एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को 15 साल की अवधि के लिए डब्लूएसकेएल आयोजित करने का पूर्ण और विशेष अधिकार प्रदान किया है, ताकि लीग के विकास और सफलता के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके।

# सहवाग के बेटे आर्यवीर ने कूचबिहार ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया



नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कूचबिहार ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाया है। आर्यवीर ने दिल्ली की ओर से खेलते हुए मेघायल के खिलाफ दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय नाबाद 200 रन बनाये। इस मैच में मेघालय की टीम पहली पारी में 260 रन पर सिमट गयी। वहीं दिल्ली के दो विकेट पर 468 रन हो गये हैं। इस प्रकार दिल्ली की टीम के पास पहली पारी के आधार पर 208 रन की बढ़त हो गई है। आर्यवीर भी पिता की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। आर्यवीर ने अपनी इस पारी में 34 चौके और 2 छक्के लगाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 87.34 का रहा है। सहवाग के बेटे ने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में डेब्यू करते ही अपनी बल्लेबाजी से सबका ध्यान है। उन्होंने अंडर 19 प्रतिस्पर्धा में 49 रन की शानदार पारी खेली थी। इस प्रकार दिल्ली को मणिपुर के खिलाफ मैच में 6 विकेट से जीत मिली थी। आर्यवीर ने अपने साथी सलामी बल्लेबाज अर्णव बग्गा के साथ मिलकर 180 रनों की साझेदारी की। बग्गा ने 114 रन की पारी खेली थी। मेघालय की टीम पहली पारी में 260 रन पर सिमट गयी। वहीं दिल्ली की ओर से तेज गेंदबाज उधव मोहन ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

# आईपीएल 2025 की शुरुआत 14 मार्च से, 25 मई को खेला जाएगा फाइनल

नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए अगले तीन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन की तारीखों की घोषणा कर दी है। सबसे ज्यादा दिलचस्पी 2025 सीजन पर है, जो 14 मार्च (शुक्रवार) से 25 मई (रविवार) तक चलेगा। इसके अलावा 2026 सीजन 15 मार्च (रविवार) से 31 मई (रविवार) तक और 2027 का सीजन 14 मार्च (रविवार) से 30 मई (रविवार) तक आयोजित किया जाएगा।**



ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, गुरुवार को फ्रैंचाइजी को भेजे गए ईमेल में, आईपीएल ने टूर्नामेंट की तारीखों को विंडो बताया, लेकिन संभावना है कि ये अंतिम तिथियां हो सकती हैं। 2025 के सीजन में 74 मैच होंगे, जो पिछले तीन सीजन के बराबर है। हालांकि, यह संख्या आईपीएल द्वारा 2022 में सूचीबद्ध 84 मैचों से दस कम है, जब 2023-27 चक्र के लिए मीडिया अधिकार बेचे गए थे। नए अधिकार चक्र के लिए निविदा दस्तावेज में, आईपीएल ने प्रति सत्र अलग-अलग मैचों की संख्या सूचीबद्ध की थी: 2023 और 2024 में 74-74 मैच, 2025 और 2026 में 84-84 मैच और 2027 में सौदे के अंतिम वर्ष के लिए अधिकतम 94 मैच।

### विदेशी खिलाड़ियों ने पूरी उपलब्धता का संकेत दिया

फ्रैंचाइज़ी को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, अधिकांश पूर्ण सदस्य देशों के विदेशी खिलाड़ियों को आईपीएल में अगले तीन वर्षों तक खेलने के लिए अपने-अपने बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है, जिसके खिलाड़ी दोनों देशों की सरकारों के बीच राजनीतिक गतिरोध के कारण 2008 में उद्घाटन सत्र के बाद से आईपीएल में नहीं खेले हैं।

# अर्जुन पुरस्कार विजेता नसरीन शेख खो-खो विश्व कप के लिए पूरी तरह तैयार

**नसरीन ने अपनी बहन के सपने को पूरा करने के लिए शुरू किया खो खो का सफर**



नई दिल्ली

भारत की नसरीन शेख, 13-19 जनवरी को भारत में होने वाले खो-खो विश्व कप के पहले संस्करण के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि कप्तान और चौथी एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता बनने का उनका सफ़र आसान नहीं था। नसरीन की खो-खो यात्रा तीसरी कक्षा में शुरू हुई, क्योंकि उनकी बड़ी बहन भी खो-खो खिलाड़ी थीं, लेकिन उन्हें अपने सपने को पूरा करने के लिए अपने परिवार से समर्थन नहीं मिला। इसलिए, अपनी बहन से प्रेरणा और समर्थन पाकर, नसरीन ने अपनी बहन के सपने को पूरा करने के लिए सफ़र शुरू किया।

नसरीन ने विज्ञप्ति में कहा, मेरी बड़ी बहन को खो-खो खेलने का मौका नहीं मिल पाया। वह परिवार में सबसे बड़ी थी और उस समय हमारी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं थी कि हम उसे किसी भी खेल में शामिल कर सकें। मैं उस समय बहुत छोटी थी और उसे नेशनल्स में खेलने की अनुमति नहीं थी। इसलिए उसने मुझे भारत के लिए खेलने और स्वर्ण पदक जीतने के अपने सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। उसने मेरी अच्छी तरह से देखभाल की और क्योंकि उसे मौका नहीं मिला, उसने अपना पूरा ध्यान मुझ पर केंद्रित किया और पहली बार मुझे लगा कि मुझे खो-खो खेलना चाहिए, वह मेरी बड़ी बहन को देखने के बाद था।

सड़क किनारे बाजार में बर्तन बेचने वाले अपने पिता के साथ एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली नसरीन ने कभी भी मुश्किलों का सामना नहीं किया। खेल में उनके योगदान के कारण उन्हें पिछले साल अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अब उनका लक्ष्य आगामी खो-खो विश्व कप में अपना जलवा बिखेरकर अपने परिवार और देश को गौरवान्वित करना है और उन्होंने बताया कि कैसे यह टूर्नामेंट खो-खो खिलाड़ियों को लोगों की पहचान और प्यार दिलाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा, जब मैंने तीसरी कक्षा में खेलना शुरू किया, तो मैंने भी खो-खो विश्व कप में खेलने का सपना देखा था, जिससे खिलाड़ियों को पहचान और लोकप्रियता मिल सके। अब, हमें आखिरकार इस आगामी खो-खो विश्व कप से पहचान मिलने जा रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। नसरीन ने यह भी बताया कि कैसे खेल विज्ञान की शुरूआत ने शरीर की कमज़ोरी और फिटनेस को उजागर करके चोट लगने के जोखिम को कम किया है। उन्होंने कहा, हम खेल विज्ञान के माध्यम से अपनी फिटनेस के बारे में जागरूक हो रहे हैं। यह हमें अपनी कमज़ोरियों को पहचानने में भी मदद करता है, जिन्हें हम आसानी से दूर कर सकते हैं। हमें लगता है कि हम फिट हैं, लेकिन इससे हमें यह पता लगाने में मदद मिलती है कि हमारे शरीर का कौन सा हिस्सा कमज़ोर है और चोट का कारण बन रहा है। इस प्रकार, हम उस पर काम कर सकते हैं। मैं इस अवधारणा से बहुत खुश हूँ।

# खूबसूरत त्वचा के लिए खाएं इन्हें कच्चा



**हमारी** त्वचा से हमारे शरीर की स्वस्थता के बारे में पता चलता है। हमारा शरीर जितना हेल्दी होगा। हम उतने की स्वस्थ होंगे। कई ऐसे फूड होते हैं जिनका सेवन करने से त्वचा दमक उठती है और शरीर पर भी उनका प्रभाव अच्छा पड़ता है। आइए जानते हैं ऐसे फूड के बारे में जो त्वचा को स्वस्थ व दमकदार बनाते हैं।

### पालक

पालक में फाइटोन्यूट्रियन्स होते हैं जो त्वचा को सूर्य की पराबैंगनी किरणों के दुष्प्रभाव से बचाते हैं। पालक के सेवन से शरीर में कैल्शियम की मात्रा भी अच्छी हो जाती है और बीटा कारोटेन और ल्यूटेन की मात्रा भी अच्छी हो जाती है जो त्वचा में नरमी ला देते हैं। साथ ही इसमें एंटी इंफ्लामेंट्री गुण भी होते हैं।

### अखरोट

अखरोट विटामिन बी से भरपूर होता है जो शरीर में रक्त के संचार को बढ़ाता है और इसकी वजह से त्वचा स्वस्थ बनी रहती है। साथ ही इसमेंए विटामिन ई और ऑक्सीडेंट भी होते हैं जो बढ़ती उम्र को थाम लेते हैं। अखरोट में ओमेगा 3 होता है जो त्वचा को बेकार होने से बचाता है।

### सेब

सेब ए विटामिन का भंडार है जो शरीर को स्वस्थ बना देते हैं। सेब की मदद से मेलेनिन बनने में सहायता मिलती है और बाल काले होते हैं। विटामिन ए से त्वचा में दमक आती है। साथ ही प्रतिदिन एक सेब खाने से चेहरे पर लालिमा बनी रहती है।

### आम

आम एक एंटीएजिंग फ्रूट है जो विटामिन ए और सी से भरपूर है। ये विटामिन त्वचा को शाइनी बना देते हैं।

### बादाम वाला दूध

बादाम पड़ा हुआ दूध विटामिन ई से भरपूर होता है जो यूवी क्षति से त्वचा की रक्षा करता है। इसमें एंटी. ऑक्सीडेंट गुण भी होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं।

### बेरी

बेरी में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है जो शरीर से टॉक्सिक बाहर निकाल देता हैए साथ ही बढ़ती त्वचा को थाम लेता है। बेरी में फ्लेवोनॉयड भी होते हैं जो त्वचा को बुरे प्रभावों से बचाते हैं और उसे जवां बनाएं रखते हैं।

### सिट्रस

सिट्रस वाले फल जैसे संतरा नींबू अंगूर आदि में विटामिन सी की मात्रा काफी ज्यादा होती है। यह कोलेजन के निर्माण में आवश्यक होता है और त्वचा को मुलायम बनाएं रखता है। साथ ही इससे त्वचा में भीतरी चमक आती है।



## सर्दी-खांसी से तुरंत राहत दिलाए तेजपत्ता

तेजपत्ता न सिर्फ जायके को बढ़ाता है, बल्कि स्वास्थ्य और सौंदर्य वृद्धि के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। यह दांतों की चमक व सफेदी बढ़ाता है। सांस की समस्या होने पर इसे पानी में उबाल लें और उसमें 2-3 तेजपत्ते डालें। अब इसमें 10 मिनट तक भाप बनने दें। फिर इस पानी में एक कपड़ा भिगोएं और यह कपड़ा सीने पर रखें। इससे फ्लू, सर्दी और खांसी कम हो जाती है।



## इसलिए जरूरी है ब्रश करना

दांतों की रोज दिन में दो बार सफाई करना बेहद जरूरी है। दांतों की सफाई करने से सांसों की तकलीफ व मुंह की अन्य बीमारियां नहीं होतीं। इसके साथ ही एक हालिया शोध कहता है वयस्कों द्वारा अपने दांतों की उचित देखभाल करना यानी नियमित रूप से ब्रश करना याददाश्त बनाए रखने में मददगार साबित होता है। दांतों और मसूढ़ों की उचित देखभाल न करने से डिमेंशिया का खतरा पैदा हो सकता है।



# सेहत के लिए फायदेमंद हैं ये चाय



**कमेलिया** सिनेंसिस एक सदाबहार झाड़ीनुमा छोटा पौधा है, जिसकी पत्तियों और कलियों का इस्तेमाल खास तरह की चाय बनाने में किया जाता है। वैसे कमीलया थीएसीआई प्लांट का ही जीनस है, जिसे आमतौर पर टी प्लांट, टी शर्ब (झाड़ी) और टी ट्री भी कहा जाता है। इसकी दो प्रमुख किस्में हैं, एक कमेलिया सिनेंसिस की चाइनीस टी और दूसरी कमेलिया, भारत के असम की अस्समिका टी।

सफेद, पीली, हरी, उलोंग, पुएेर और काली चाय सभी इसी पौधे द्वारा प्राप्त की जाती है लेकिन पत्तियों की कटाई की प्रक्रिया और इसे बनाने की विधि सबकी अलग-अलग है। हर एक चाय को ऑक्सीकरण के स्तर पर अलग- अलग ढंग से प्राप्त किया जाता है। कमेलिया चाय के गुण इस बात पर निर्भर करते हैं कि उसकी पत्तियों को कब और कैसे काटा जा रहा है। कुकिचा टी भी कमीलया पौधे से ही बनाई जाती है, इसे बोचा भी कहते हैं। इस चाय की खास बात यह है कि यह पत्तियों से नहीं बल्कि पौधे के तने और टहनियों से तैयार की जाती है। कमेलिया से बनी हर एक चाय को अपने ही औषधीय और रासायनिक गुण है, जिसे गर्म और ठंडे, दोनों रूप में पिया जाता है।

### ग्रीन टी



ग्रीन टी यानि हरी चाय, कमेलिया सिनेंसिस पौधे की पत्तियों से ही बनाई जाती है। पहले तो चीन के लोग इसका ज्यादा सेवन करते थे लेकिन अब तो हर जगह इसका सेवन आम हो गया है। आज ग्रीन टी को सेहत के सुपरस्टार के रूप में जाना जाता है। कमेलिया की युवा हरी पत्तियों को काटकर उबाला जाता, फिर सुखाया और पिसा जाता है। इसके बनाने की प्रक्रिया में ऑक्सीकरण न्यूनतम होती है। ग्रीन टी के सेवन से ब्रेन सिस्टम और इम्यून सिस्टम भी दुरुस्त रहता हैं साथ ही शरीर फुर्तीला बनता हैं।

#### फायदे

- इसका नियमित सेवन करने से सिर्फ रोगों से ही छुटकारा नहीं मिलता बल्कि इससे हमारी प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।
- इसका रोजाना सेवन मोटापा कम करने में मदद करता है। इससे शरीर का मेटाबोलिज्म बढ़ता है और डाइजेस्टिव सिस्टम से जुड़ी परेशानियां खत्म होती है।
- ग्रीन टी में मौजूद एंटीआक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से स्किन की रक्षा करते हैं। चेहरे पर झुर्रियां कम और फेस ग्लोइंग होता है। इसमें मौजूद कैमिकल स्ट्रैस कम करने में सहायक है।
- ग्रीन टी कैंसर के विषाणुओं को मारती है। शोधों की बात करें तो ग्रीन टी पीने वाले लोगों में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा 25 प्रतिशत कम होता है। इससे त्वचा के कैंसर की संभावना भी कम होती है।
- इससे कॉलेस्ट्रोल सही और हाई ब्लड प्रैशर को रोकने में मदद करती है।
- ग्रीन टी के सेवन से अल्जेरिया जैसी बीमारियां ठीक होती है। यह ब्रेन सेल्स को बचाती हैं और डैमेज सेल्स को रिकवर भी करती हैं।

### कमेलिया ब्लैक टी के फायदे



रंग गहरा होने की वजह से इसे ब्लैक टी कहा जाता है लेकिन अगर आप इसे गौर से देखें तो यह गहरे सिंदूरी रंग में दिखेगी। इसलिए इसे कई जगहों पर रैड टी भी कहा जाता है। कमेलिया सिनेंसिस की झाड़ी से मिलने वाली यह चाय, ग्रीन व्हाइट और उलोंग टी की पत्तियों से ज्यादा ऑक्सीकृत होती हैं। इसका स्वाद बाकियों के मुकाबले ज्यादा कड़क होता है।ब्लैक चाय में मसाले, लौंग, इलायची और अदरक का मिश्रण तैयार करके भी बनाया जाता है।

#### फायदे

- ब्लैक टी का स्वाद अधिक समय तक बरकरार रहता है। यह दिल की बीमारियों, कोलेस्ट्रॉल, कैंसर, जैसे समस्याओं से बचाए रखने में मदद करती है।
- दिमागी फुर्ती, प्रतिरक्षा प्रणाली, हड्डियों की मजबूती, वजन को कंट्रोल और एनर्जी को बनाए रखने में भी सहायक होती हैं।
- ब्लैक टी शरीर में तनाव हार्मोन के स्तर को कम करने में सहायक होती है।
- ब्लैक टी में कैटचिन एंटीऑक्सीडेंट होता है जो मुंह के कैंसर के खतरे को कम करता है। ब्लैक टी में फ्लोराइड्स होते हैं जो सांसों की दुर्गंध के साथ कैविटी से हानिकारक बैक्टीरिया को भी बाहर निकालते हैं।

### कमेलिया व्हाइट टी



व्हाइट टी बनाने के लिए कमैलिया सिनेंसिस पौधे की यंगेस्ट कलियों और पत्तियों को खिलने से पहले ही बसंत ऋतु में ही काट लिया जाता है। यह आक्सीकृत नहीं होती है। व्हाइट टी में कैफीन की मात्रा पत्तियों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। फ्लेवर की बात करें तो यह बाकी चायों के मुकाबले मीठी होती है।

#### फायदे

- चीन के लोग कई सालों से लंबी उम्र और स्वस्थ रहने के लिए व्हाइट टी पीते आ रहे हैं। यह कई बीमारियों से सुरक्षित रखती है।
- वाइट टी, ब्लैक और ग्री टी से कहीं ज्यादा फायदेमंद मानी जाती है। कैंसर से लड़ने की क्षमता, एमिनो एसिड, अधिक जीवाणुरोधी क्षमता, तनाव से राहत पहुंचाने में फायदेमंद साबित होती है।
- यह ब्लड सर्कुलैशन को सही रखने और दिल को सेहतमंद रखने में फायदेमंद है।
- दांतों के बैक्टीरिया से लड़ने में मददगार साबित होती है।

### ऊलांग टी



ऊलांग टी काफी हद तक ब्लैक टी की तरह ही होती है लेकिन इसमें चाय की पत्तियों को मशीन में ज्यादा देर तक सुखाया जाता है। फर्मेंट होने की वजह से इसका स्वाद कड़क होता है। ब्लैक टी के मुकाबले इसमें अधिक मात्रा में टैनिन होता है। तुरंत चुस्ती और एनर्जी पाने के लिए इसका सेवन कारगार माना जाता है।

#### फायदे

- ऊलांग टी स्किन की एलर्जी को दूर करने में मददगार है। रोजाना 3 कप ऊलांग टीन पीने से एग्जिमा से निजात पाई जा सकती है। त्वचा की समस्याओं, जलन और सूजन और स्किन इरीटेशन से राहत दिलाता है।

### हर्बल टी



हर्बल टी सुखे मेवे, तरह तरह के फल और जड़ी बुटियां डालकर बनाई जाती है इसमें इस्तेमाल की गई अनेक तरह की जड़ी बुटियों से डायबिटीज, नींद और हार्ट से जुड़ी परेशानियों से निजात पाई जा सकती हैं।

### पुएेर टी

कमेलिया सिनेंसिस पौधे की पत्तियों और तने से ही तैयार की जाने वाली पुएेर टी रैड ब्राऊन कलर की होती है। ब्लैक और ऊलांग टी की तरह पुएेर टी की पत्तियों भी फर्मेन्टेड होती है।

#### फायदे

- यह ब्रेन और हार्ट के लिए फायदेमंद होती है।
- फैट बर्न कर वजन को कंट्रोल में रखती है।

### यैलो टी

यैलो यानी पीली चाय बहुत ही महंगी और दुर्लभ चाय है। इसे बनाने का तरीका भी यूनिक है। इसे डैम्प कपड़े में भाप (बहुत कम समय के लिए) दी जाती है। आक्सीडेशन के बाद पत्तियों का रंग पीला हो जाता है। इसे उच्च गुणवता वाली चाय में शामिल किया गया है।

#### फायदे

- कैलेस्ट्रोल कम करने में सहायक
- ब्लड कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर से रोकथाम
- डायबिटीज और लिवर से जुड़ी समस्या में मददगार

### फ्लेवर्ड टी

किसी भी तरह की चाय में (ब्लैक, व्हाइट,ग्रीन टी) तरह तरह के फ्लेवर जैसे लौंग, अनार, दालचीनी, ओरेंज, पुदीना, कैफिन आदि डालकर फ्लेवर्ड टी बनाई जाती है। ऐसी चाय से सेहत के साथ साथ जायकों का लुफ्त उठाया जाता है।

### ध्यान में रहें

भले ही इन चायों में औषधि गुण भरपूर मात्रा में हैं लेकिन फिर भी इनका सेवन करने से पहले डॉक्टरी परामर्श जरूर लें।

## रेसिपी

### स्पिनॅच एंड चिक पि सूप



#### सामग्री

1 1/2 कप पतली लंबी कटी हुई पालक, 3/4 कप भिगोए और उबले हुए काबूली चने, 2 टी-स्पून जैतून का तेल, 2 टी-स्पून बारीक कटा हुआ लहसुन, 1 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1/4 कप बारीक कटा हुआ हरी प्याज़ का सफेद भाग, 3 कप बेसिक वेजिटेबल स्टॉक, नमक और ताज़ी पीसी काली मिर्च स्वादअनुसार, 1 टी-स्पून सूखा ऑरेगानो, 1 टेबल-स्पून नींबू का रस

#### विधि

एक गहरी नॉन-स्टिक कढ़ाई में जैतून का तेल गरम करें, लहसुन, हरी मिर्च और हरी प्याज़ का सफेद भाग डालकर मध्यम आंच पर एक मिनट तक भुनें। पालक और काबुली चना डालकर मध्यम आंच पर और 2 मिनट तक भुनें। बेसिक वेजिटेबल स्टॉक, नमक, काली मिर्च, ऑरेगानो और नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिलायें और उबाल लें। तुरंत परोसें।

### ओट्स भुर्जी



#### सामग्री

2 चम्मच ओट्स

2 अंडे और 4 अंडे के सफेद भाग

(वेजिटेरियन इसे पनीर से बदल सकते हैं)

तेल,1 कटी प्याज

हरी मिर्च, टमाटर (पसंद अनुसार) नमक

#### विधि

एक बड़े कटोरे में अंडे, ओट्स, सब्जियां, हरी मिर्च और नमक मिक्स करें। एक बड़े पैन में गरम करें, उसमें अंडे वाला तैयार मिश्रण डालें। इसे कुछ देर के लिए पकने दें, जब यह पक जाए तब इसे कल्छुली से चलाते हुए भुर्जी बनाएं। फिर इसे आंच से हटा कर इस पर हरी धनिया छिड़कें और सर्व करें।

**टिप्स:** अगर आप नॉन वेज नहीं खाती, तो अंडे की जगह पर पनीर का प्रयोग करें। इसके लिए तेल में सब्जियां पकाएं, फिर ओट्स मिला कर थोड़ा पानी डाल कर पकाते हुए उसमें पनीर डालें। फिर जब मिश्रण सूख जाए तब इसे उतार लें।

# बोलने की प्रैक्टिस करें...



**अगर आप** लोगों से संपर्क करने और उनके बीच खुल कर बोलने में असहज महसूस करते हैं तो आज से ही इसे बदलने की कोशिश शुरू करें। अंतर्मुखी प्रकृति सफलता में बड़ी बाधा भी बन सकती है। खुद पर विश्वास है तो लोगों के बीच घबराना कैसा? अगर किसी को अचानक एक बड़े जनसमूह के सामने कुछ बोलने के लिए कह दिया जाए तो अधिकतर लोग बुरी तरह घबरा जाते हैं। हालांकि इस बात का आपकी योग्यता से कोई लेना-देना नहीं होता, फिर भी यह बात आपकी छवि को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। ऐसा पढ़ाई के दिनों में, नौकरी के लिए दिए जाने वाले साक्षात्कार के समय, नौकरी के दौरान या कभी भी हो सकता है। इससे लोग आपका सही मूल्यांकन नहीं कर पाते और आप कई अवसरों से चूक जाते हैं। इस हिचक को तोड़ना बहुत मुश्किल भी नहीं है। यह हिचक तोड़ कर आप सफलता के कुछ और करीब हो जाएंगे। बस आपको अपने डर पर काबू पाना होगा।

### मजबूत पक्ष याद रखें

दूसरों के सामने बोलने में होने वाली हिचक दरअसल सोशल एंग्जाइटी का नतीजा होती है। ऐसे में आप अपना उद्देश्य याद रखें, ना कि उसमें अपनी सफलता या असफलता। अपनी कमजोरियों के बारे में सोचने की बजाय अपने व्यक्तित्व के मजबूत पक्ष के बारे में सोचें। उन वजहों को तलाशने की कोशिश करें, जिनके कारण आपको झिझक या संकोच महसूस होता है। इसकी तीन संभावित वजहें हो सकती हैं। मुमकिन है कि आप खुद को लेकर आश्वस्त न हों। खुद के बारे में जरूरत से ज्यादा सोचते हों या जब कोई आपकी तारीफ करता है तो आप उस पर यकीन न कर पाते हों। इसे दूर करने के लिए लोगों के बीच बोलने की प्रैक्टिस कर सकते हैं। प्रेरक किताबें पढ़ें। यदि आवश्यकता लगे तो काउंसलर की सहायता भी ले सकते हैं।

### परिचितों से करें शुरुआत

लोगों के बीच आत्मविश्वास से बोलने के अभ्यास की पहल दोस्तों से करें। जब आप यहां सहज महसूस करने लगें, तब अपरिचितों के बीच इसे आजमाएं। इसे भी एक-दो लोगों से ही शुरू करें। अगर आप शुरू में ही सीधे बड़े समूह में बात रखने की कोशिश करेंगे तो बहुत अधिक दबाव होने के कारण संभवतः कठिनाई भी ज्यादा होगी। आप पाएंगे कि दो व्यक्तियों के सामने बोलने में आपको तुलनात्मक रूप से ज्यादा आसानी हुई और यह भी कि जल्द ही आपकी हिचक टूट गई और अब विशाल जनसमूह में भी अपनी बात रखने में कोई परेशानी नहीं हो रही है।

### अभ्यास की है जरूरत

हिचक मिटाने के लिए आपको नियमित रूप से प्रयास करना जरूरी है। अपने डर पर आपको विजय पानी होगी। उसे खुद पर हावी न होने दें। शुरू-शुरू में ऐसा करने में आप खुद को असहज महसूस करेंगे, लेकिन लगातार प्रयास करते रहें। धीरे-धीरे आप महसूस करेंगे कि आपको अब अपनी बात रखने के लिए प्रयास नहीं करना पड़ रहा है, आप बड़ी सहजता से अपनी बात रख पा रहे हैं।

### बेवजह के परिचय से बचें

बड़ा सामाजिक दायरा होने का एक अर्थ यह भी है कि आपको लोगों का सामना करने में हिचक नहीं होती। यह आपके आत्मविश्वासी व्यक्तित्व का द्योतक भी है। आप भी अपना सोशल सर्कल बड़ा करें। इसके लिए खुद अपने क्षेत्र से जुड़े कार्यक्रमों पर नजर रखें। अपने परिचितों से यह कह सकते हैं कि वे ऐसे कार्यक्रमों की जानकारी आपको दे दिया करें। एक समय के बाद आप अपनी मर्जी से भी आयोजनों को चुनें कि कहां जाना है या नहीं जाना है। इसका एक कारण यह भी है कि अंतर्मुखी ना होने का मतलब यह नहीं है कि हर जगह या समूह में आपकी उपस्थिति जरूरी हो। बेमतलब किसी ईवेंट या समूह में न जाएं।

### अपनी तैयारी पूरी रखें

अगर आप सच में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षिक करना चाहते हैं तो इस नुस्खे को आजमाएं। अगर आप किसी सामूहिक आयोजन में जा रहे हैं या कई लोगों के सामने आपको कुछ बोलना है तो विषय आदि के बारे में पूरी जानकारी कर लें। अपनी भाषा पर भी खास ध्यान दें। ऐसी स्थिति में उच्चारण, शब्दों के उचित चयन आदि का विशेष महत्व होता है। उस कार्यक्रम की पूरी रूप-रेखा और वहां आने वाले मेहमानों के बारे में मुकम्मल जानकारी रखें।

अनौपचारिक आयोजनों में वहां आने वाले आगंतुकों की मदद करें, उन्हें कार्यक्रम और मेहमानों के बारे में अपनी तरफ से पहल कर बताएं। इस तरह से आप वहां आने वाले दूसरे लोगों की मदद कर अपनी छवि बेहतर बना सकते हैं और लोग आप पर ध्यान देंगे।

### मुस्कराहट से काम लें

किसी भी प्रेजेंटेशन में या कि किसी सामाजिक स्थिति में कई लोगों के बीच मुस्कराहट से आपकी छवि का तुरंत प्रभाव बनता है। इसी से अपनी बात की शुरुआत करें। मुस्कराहट से मानसिक तनाव भी कम हो जाता है और आप ज्यादा आत्मविश्वास अनुभव करते हैं। सुनने वालों से आपका एक जुड़ाव तुरंत बन जाता है। औपचारिक या अनौपचारिक माहौल में भी बोलते समय मुस्कराहट महत्वपूर्ण मानी जाती है।



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**